

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 3 फरवरी 2024 ■ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-8 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-305 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 4 फरवरी 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### जगद्गुरु रामभद्राचार्य की तबियत बिगड़ी

**नई दिल्ली,3 जनवरी।** आध्यात्मिक जगद्गुरु रामभद्राचार्य को सीने में दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है. उनका आगरा के पुष्पांजलि हॉस्पिटल में इलाज जारी है. वहीं उनका इलाज कर रहे डॉक्टरों का कहना है कि फेफड़े में इन्फेक्शन के कारण उन्हें भर्ती किया गया है, फिलहाल उनकी हालत स्थिर है. रामभद्राचार्य हिंदू धर्मग्रंथों के जाने-माने व्याख्याता हैं और उनकी कथा के साथ-साथ धार्मिक ग्रंथों की व्याख्या भी विभिन्न पीढ़ियों के लोगों द्वारा काफी पसंद की जाती है. वह अयोध्या में राम मंदिर के मुखर समर्थक रहे हैं.

### बारातियों से भरी बस पलटी

**बलौदाबाजार,3 जनवरी।** देर रात ग्राम सकरी में बारातियों से भरी बस पलटने से चीख पुकार मची रही. इस हादसे में दस लोग घायल हुए हैं. वहीं दो गंभीर हैं, जिन्हें रायपुर रेफर किया गया है. घटना होते ही बस में सवार लोगों सहित ग्रामीणों की मदद से सभी को गाड़ी का कांच तोड़कर बाहर निकाला गया. वहीं घायलों को तत्काल जिला चिकित्सालय भेजा गया, जहां मामूली चोट के चलते बाकी को छुट्टी दी गई एवं दो को जिला चिकित्सालय में भर्ती किया गया है. वहीं दो घायलों को रायपुर रेफर किया गया है. घटना के प्रत्यक्षदर्शी परिवार के सदस्य लोकेन्द्र साहू ने बताया कि हम लोग रायपुर चंगोराभाठा से ग्राम भद्रापाली बलौदाबाजार चौथिया कार्यक्रम में आये थे और वापस जा रहे थे. इसी बीच ग्राम सकरी में बस पलट गई, जिसमें आठ से दस लोग घायल हैं. दो को रायपुर रेफर किया गया है और दो का जिला चिकित्सालय में ईलाज चल रहा है. फिलहाल कोई भी जनहानि नहीं हुई है. परिवार के लोग सुरक्षित हैं. घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस भी घटना स्थल पहुंचकर जांच में जुट गई है.


### विपक्ष ने दीवार पर लिखी इबारत पढ़ ली है : मालवीय

नई दिल्ली ,03 फरवरी (आरएनएस)। भाजपा आईटी सेल के हेड और पश्चिम बंगाल के सह चुनाव प्रभारी अमित मालवीय ने कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कांग्रेस पर किए गए हमले का जिक्र करते हुए दावा किया है कि विपक्ष ने दीवार पर लिखी इबारत पढ़ ली है और आगामी लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल सहित पूरे देश में भाजपा स्वीप करने जा रही है।

मालवीय ने ममता बनर्जी के कांग्रेस पर किए गए हमले के वीडियो को शेयर करते हुए और राज्य सभा में दिए गए खड़गे के बयान का हवाला देते हुए शनिवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का कहना है कि बीजेपी 400 सीटें जीतेगी। वहीं ममता बनर्जी चुटकी ले रही है कि अहंकारी कांग्रेस, 40 सीटें भी नहीं जीत पाएगी। मालवीय ने आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत मिलने का दावा करते हुए कहा कि, विपक्ष ने दीवार पर लिखी इबारत पढ़ ली है। पश्चिम बंगाल भी अलग नहीं होगा। भाजपा स्वीप करेगी ( भाजपा का परचम लहराएगा ) यह बात ममता बनर्जी भी अच्छी तरह जानती हैं।

### बिहार के बाद महाराष्ट्र में भी इंडिया को झटका

**मुंबई ,3 फरवरी ।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाड़ी के बीच सीट बंटवारे को लेकर बैठक हुई। इस बैठक में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के पोते और वंचित बहुजन आघाड़ी (वीबीए) के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर ने भी शिरकत की। प्रकाश आंबेडकर ने बैठक के बाद मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बैठक में यह सुनिश्चित करने का निर्णय किया गया है.



फाइल फोटो

**प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर दी जानकारी**

# लालकृष्ण आडवाणी भारत रत्न

नई दिल्ली,3 फरवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री रहे लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा की है। लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान से नवाजा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी घोषणा की है। लाल कृष्ण आडवाणी को देश का सर्वोच्च सम्मान दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट पर लिखा कि मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि श्री लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। मैंने भी उनसे बात की और इस सम्मान से सम्मानित होने पर उन्हें बधाई दी। हमारे समय के सबसे सम्मानित राजनेताओं में से एक, भारत के विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनका जीवन जमीनी स्तर पर काम करने से शुरू होकर हमारे उपप्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने तक का है। उन्होंने हमारे गृह मंत्री और सूचना एवं प्रसारण मंत्री के रूप में भी अपनी पहचान बनाई। उनके संसदीय हस्तक्षेप हमेशा अनुकरणीय और समृद्ध अंतर्दृष्टि से भरे रहे हैं। एक अन्य ट्वीट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिखा कि सार्वजनिक जीवन में आडवाणी जी की दशकों लंबी सेवा को पारदर्शिता और अखंडता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता द्वारा चिह्नित किया गया है, जिसने राजनीतिक नैतिकता में एक अनुकरणीय मानक स्थापित किया है। उन्होंने राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान को आगे बढ़ाने की दिशा में अद्वितीय प्रयास किए हैं। उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाना मेरे लिए बहुत भावुक क्षण है मैं इसे हमेशा अपना सौभाग्य मानूंगा कि मुझे उनके साथ बातचीत करने और उनसे सीखने के अनगिनत अवसर मिले।

वर्तमान में बीजेपी को लालकृष्ण आडवानी को यहां तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका रही है। भारतीय जनता पार्टी के फाउंडिंग सदस्य रहे है, जो आज देश की सबसे मजबूत पार्टी रही है। भाजपा के साथ उनका पूरा साथ रहा है। वहीं राम मंदिर के निर्माण और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद ये फैसला किया गया है। इससे पहले कर्पूरी ठाकूर को भी भारत रत्न से नवाजे जाने की घोषणा की गई है। कर्पूरी ठाकूर से जयंती से एक दिन पहले ये घोषणा की गई थी।

## आरोप लगते ही आडवाणी ने दे दिया था इस्तीफा

**नई दिल्ली,3 फरवरी।** राजनीतिक जीवन में अपने सिद्धातों की वजह से भी एलके आडवाणी की पहचान रही है। राम मंदिर आंदोलन में उनकी अग्रणी भूमिका रही और फिर कई सालों तक उन्हें मुकदमे का सामना करना पड़ा। हालांकि कोर्ट ने उन्हें निर्दोष करार दिया। आडवाणी ऐसे नेता हैं जो कि राजनीति में नैतिकता को सबसे ऊपर रखा। उनपर भ्रष्टाचार के आरोप ही लगे थे कि उन्होंने लोकसभा से इस्तीफा दे दिया और जब बेदाग साबित हुए तभी सदन में कदम रखा। उनके इस फैसले को आज राजनीति का उदाहरण माना जाता है। आडवाणी पर आरोप लगने 1993 से ही शुरू हो गए थे। उस समय नरसिम्हा सरकार में रहे सुब्रमण्यन स्वामी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा था कि उनके पास इस बात के सबूत हैं कि लालकृष्ण आडवाणी ने हवाला कारोबारी एसके जैन से दो करोड़ रुपये लिए। पत्रकार दिनकर शुक्ल ने यह बात पकड़ ली और इसे जनसत्ता अखबार में जगह दे दी। इसके बाद उन्होंने सीबीआई चीफ केविजय रामाराव का इंटरव्यू किया और पूछ लिया कि क्या एसके जैन की डायरी मामले में कार्रवाई होग।

एसके जैन की डायरी के नाम जब बाहर आए तो इसमें 55 नेता, 15 अधिकारी और अन्य को मिलाकर 92 नाम थे। इस हवाला केस में पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी, शरद यादव और विद्या चरण शुक्ल पर भी आरोप लगे थे। लालकृष्ण आडवाणी पर 60 लाख रुपये लेने का आरोप था। 1995 में सीबीआई ने एसके जैन को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद एसके जैन ने कबूल किया कि 1991 में मार्च से मई के बीच पूर्व पीएम राजीव गांधी को भी चार करोड़ रुपये दिए गए।

16 जनवरी 1996 को जब मामले की चार्जशीट दायर हुई तो इसमें एलके आडवाणी और विद्याचरण शुक्ल का नाम था। इसके बाद आडवाणी ने लोकसभा से इस्तीफा देने का फैसला कर लिया। अटल बिहारी वाजपेयी नहीं चाहते थे कि वह इस्तीफा दें। उन्होंने इस्तीफा देते हुए ऐलान कर दिया कि जब तक भ्रष्टाचार के आरोपों से उन्हें मुक्ति नहीं मिल जाएगी तब तक सदन में कदम नहीं रखेंगे। इसके बाद उन्होंने 1996 का चुनाव नहीं लड़ा।

8 अप्रैल 1997 को हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया और एलके आडवाणी और विद्या चरण शुक्ल को बाइज्जत बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा कि डायरी को सबूत नहीं माना जा सकता है। यह दस्तावेजों का एक पुलिंदा भर है जिसमें जब जो चाहो जोड़ दो और जो चाहो घटा दो। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा लेकिन शीर्ष्न्यायालय ने भी हाई कोर्ट का फैसला बरकरार रखा। इसके बाद आडवाणी ने 1998 में लोकसभा का चुनाव गांधीनगर से लड़ा। कांग्रेस के पीके दत्ता के सामने उन्होंने बड़ी जीत दर्ज की। वह तीन लाख से ज्यादा वोटों से जीतकर लोकसभा पहुंचे।



**नारायणपुर,3 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय नारायणपुर जिले के कुम्हारपारा में आयोजित किसान मेला-2024 में शामिल हुए। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

## भारत से माफी मांगेंगे मुइज्जू

**नई दिल्ली,3 फरवरी।** मालदीव की राजनीति इन दिनों दो देशों के बीच बंटकर रह गई है। देश का सत्ता पक्ष राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के नेतृत्व में चीन की तरफ नजर आता है। वहीं विपक्षी दल भारत समर्थक बताया जा रहा है। भारत और चीन इस कदम मालदीव की राजनीति में शामिल हो गए हैं कि सड़क से संसद तक चर्चाओं और हंगामे की वजह बने हुए हैं। मालदीव के विपक्षी दल जमूहरी पार्टी के नेता गासिम इब्राहिम ने राष्ट्रपति मुइज्जू से अपील की है कि वो औपचारिक तौर पर भारत और प्रधानमंत्री मोदी से माफी मांगे। पीएम मोदी से माफी मांगने की ये मांग तब उठी जब मोहम्मद मुइज्जू के देश की संसद में विरोध का सामना करना पड़ा है।

मालदीव और भारत के बीच उच्च स्तरीय कोर ग्रुप की दूसरी बैठक नई दिल्ली में हुई। विदेश मंत्रालय में हुई बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने रक्षा और सुरक्षा सहयोग, आर्थिक और विकास साझेदारी के क्षेत्र में साझेदारी को बेहतर बनाने और बढ़ाने के लिए मौजूदा द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की। दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि भारत सरकार 10 मार्च 2024 तक तीन विमानन प्लेटफार्मों में से एक में सैन्य कर्मियों को बदल देगी,और 10 मई 2024 तक अन्य दो प्लेटफार्मों में सैन्य कर्मियों को बदलने का काम पूरा कर लेगी। इस बात पर सहमति हुई कि उच्च-स्तरीय कोर ग्रुप की तीसरी बैठक फरवरी के अंतिम सप्ताह के दौरान पारस्परिक रूप से सहमत तिथि पर माले में आयोजित की जाएगी। जब से मालदीव की नई सरकार ने भारतीय सैनिकों को हटाने की मांग की है। उसके बाद ये दूसरी उच्चरस्तीय बैठक है। जिसमें ये सहमति बनी है। आपको बता दें कि भारत विरोधी रुख अख्तियार करने वाले मुइज्जू चीन के साथ-साथ पाकिस्तान के भी चंगूल में फंसकर उसकी साजिशों का मोहरा बन रहे हैं। जो मालदीव के लिए खतरनाक साबित होगा।

### भाजपा जिला उपाध्यक्ष को जान से मारने की नक्सली धमकी

**जगदलपुर,3 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र पांडे को कथित तौर पर नक्सलियों ने लेटर के माध्यम से जान से मारने की धमकी दी है. यह पहली बार नहीं है जब योगेंद्र पांडे को जान से मारने की धमकी दी गई हो.

इससे पूर्व में भी उन्हें जान से मारने की धमकी मिल चुकी है. बार-बार धमकी मिलने के चलते ही वर्ष 2003 से 2018 के बीच योगेंद्र पांडे को सुरक्षा भी मुहैया करवाई गई थी, लेकिन 2018 में सत्ता परिवर्तन के बाद भाजपा नेता की सुरक्षा वापस ले ली गई थी. हाल के मामले में डाक से मिले पत्र में योगेंद्र पांडे को भारतीय जनता पार्टी छोड़ने को कहा गया है. पार्टी नहीं छोड़ने की स्थिति में उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है. बता दें कि योगेंद्र पांडे वर्तमान में रमैया वार्ड से पार्षद और दरभा मंडल के भाजपा प्रभारी भी हैं.

## दक्षिण भारत को अलग राष्ट्र बनाने की मांग पर भाजपा ने जताई आपत्ति

**रायपुर,3 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

कर्नाटक से कांग्रेस सांसद डीके सुरेश के दक्षिण भारत को अलग देश बनाने की मांग पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है. किरण सिंहदेव ने कहा कि अब पता चला कि आज सिद्ध हो गया कि राहुल गांधी भारत तोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं. ये उनकी तथाकथित भारत तोड़ो यात्रा का ही असर है कि कांग्रेस के सांसद दक्षिण भारत को देश से तोड़कर एक अलग राष्ट्र बनाने की बात कर रहे हैं.

बता दें कि कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के भाई और बेंगलुरु (ग्रामीण) से लोकसभा सांसद डीके सुरेश ने केंद्रीय बजट पेश होने के बाद अपने बयान में कहा था कि हमें अपने राज्य से जीएसटी, सीमा शुल्क और प्रत्यक्ष करों में हिस्सा मिलना चाहिए. हम दक्षिण भारत के साथ बहुत अन्याय देख रहे हैं, हम अपने हिस्से का पैसा उत्तर भारत में बंटते हुए देख रहे हैं. अगर आज हम इसकी निंदा नहीं करेंगे तो आने वाले दिनों में हमें दक्षिण भारत के लिए एक अलग देश बनाने का प्रस्ताव रखना पड़ेगा.

सिंहदेव ने कहा कांग्रेस सांसद के इस दुर्भाग्यपूर्ण बयान की भाजपा कड़ी निंदा करती है, और तुरंत ऐसी मानसिकता वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए. क्या डीके सुरेश के देश को



तोड़ने वाले बयान की सोनिया गाँधी, राहुल गाँधी, प्रियंका वाड्रा निंदा करेंगे? क्या कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अपने सांसद डीके सुरेश को इस अक्षम्य अपराध के लिए पार्टी से निष्कासित करने का साहस दिखाएंगे? भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा देश को तोड़ने की मांग कांग्रेस के सांसद ने ऐसे ही नहीं की है. अभी तक न तो सोनिया गाँधी, न राहुल गाँधी, न प्रियंका वाड्रा और न ही कांग्रेस के महासचिव का इस पर बयान आया है. लगता है कि वे डीके सुरेश के इस बयान से सहमत हैं. कांग्रेस हमेशा से देश को जाति, धर्म और क्षेत्र को आपस में लड़ाकर सत्ता की राजनीति करती आई है. कांग्रेस हमेशा से उत्तर भारत और दक्षिण भारत के बीच जनता को भड़का कर अपनी राजनीति करती आई है. किरण सिंहदेव ने कहा कि हाल ही में तेलंगाना में कांग्रेस के मुख्यमंत्री ने तेलंगाना के डीएनए को बिहार-यूपी यानी उत्तर भारत के डीएनए से बेहतर बताया था. तमिलनाडु में मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक खड़गे ने सनातन का अपमान किया.

सिंहदेव ने कहा आंकड़े गवाह हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने केंद्र की सोनिया-मनमोहन की कांग्रेस सरकार की तुलना में सभी राज्यों के शेयर में भारी वृद्धि की है. कर्नाटक में तो ॥रु और बोईंग की फैसिलिटी भी लगाई गई है. हमारे लिए राष्ट्र पहले है, पार्टी और सत्ता बाद में, लेकिन कांग्रेस के लिए सत्ता पहले है चाहे देश को भी क्यों न तोडना पड़े.

## समिति प्रबंधक और कंप्यूटर ऑपरेटर्स ने फर्जी तरीके से बेच दी किसानों के धान

**32 लाख रुपये लेकर फरार**

**पिथौरा,3 फरवरी।** महासमुंद जिले के पिथौरा ब्लॉक के जाडामुडा धान खरीदी केंद्र में लगातार एक के बाद एक फर्जीवाड़ा का खुलासा हो रहा है. अब यहां अन्नदाताओं से लाखों रुपये की धोखाधड़ी की गई है. इस धान संग्रहण केंद्र के समिति प्रबंधक और दो कंप्यूटर ऑपरेटर्स ने 19 किसानों के धान को किसानों को धोखे में रख कर दूसरों के खाते में चढ़ाकर 33 लाख रुपए निकाल लिए और फरार हो गए हैं. मामला बसना थाना क्षेत्र का है.

पूरा मामला यह है कि जाडामुडा उपार्जन केंद्र प्रभारी उमेश भोई, कंप्यूटर ऑपरेटर मनीष प्रधान, मनोज प्रधान ने मिलीभगत कर 19 किसानों का धान दूसरे किसानों के खाता में बेचकर राशि निकाल ली. मामला सामने आने के बाद केंद्र प्रभारी समेत ऑपरेटर फरार हो गए हैं. वहीं, किसानों की शिकायत पर बसना थाने में धान खरीदी केंद्र प्रभारी और दो कम्प्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ धारा 420, 409, 34 के तहत मामला दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है. किसानों की खून-पसीने की कमाई धोखे से धान खरीदी केंद्र प्रभारी और कंप्यूटर ऑपरेटर ने फर्जी किसानों के खाता में धान बेचकर 32 लाख 90 हजार रुपये निकाल लिए. मामले का खुलासा तब हुआ जब किसानों ने अपने बेचे गए धान के पैसै नहीं आने पर धान संग्रहण केंद्र में जमकर हंगामा किया. अधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल किए तो पता चला कि इन 19 किसानों के धान दूसरे के खातों में चढ़ाकर धान बेच दिया गया है और राशि निकाल ली है. इस मामले में बसना थाना प्रभारी आशीष वासनिक ने कहा कि किसानों की शिकायत पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. मामला दर्ज होने के बाद से ही तीनों फरार है, जिनकी तलाश की जारी रही है. धान खरीदी में फर्जीवाड़ा के मामले में केंद्र प्रभारी के खिलाफ बसना थाने में विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है. बता दें कि, पहले इसी खरीदी केंद्र में फर्जी रकबा बढ़ाकर धान की खरीदी कर करीब 2 करोड़ का फर्जीवाडा किया गया था. शिकायत के बाद 2 करोड़ रुपये के फर्जीवाड़ा के आरोप में बसना थाना में जाडामुडा सहकारी सोसाइटी के समिति प्रबंधक उमेश भोई और एक किसान राम प्रसाद के खिलाफ बसना थाना में FIR किया गया था.

## नवजोत सिंह सिद्धू के खिलाफ एक्शन की तैयारी में कांग्रेस

**चंडीगढ़,3 फरवरी।** कांग्रेस नवजोत सिंह सिद्धू के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई कर सकती है, जो चुनाव समिति का सदस्य होने के बावजूद 1 फरवरी को हुई पंजाब चुनाव समिति की बैठक से अनुपस्थित रहे और कुछ अन्य कांग्रेस नेताओं के साथ समानांतर बैठक की। चुनाव समिति में पंजाब कांग्रेस प्रभारी देवेंद्र यादव की मौजूदगी और एक अलग समानांतर बैठक आयोजित करने और बैठक में नहीं आने के लिए नवजोत सिंह सिद्धू को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। पंजाब में 11 फरवरी को समराला में होने वाली कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रैली के बाद कार्रवाई हो सकती है। पंजाब कांग्रेस इकाई ने आलाकमान को एक रिपोर्ट भेजी है। अलग-अलग रैलियां आयोजित करने के लिए उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की पार्टी के भीतर से मांग के बीच, कांग्रेस नेता नवजोत सिंह ने पिछले महीने देवेंद्र यादव से मुलाकात की और कहा कि अनुशासन का मतलब अलग-अलग लोगों के लिए अलग-अलग चीजें नहीं होना चाहिए। बैठक के बाद सिद्धू ने कहा, मैंने यादव से कहा कि अनुशासन हर किसी के लिए है। यह कुछ लोगों के लिए एक चीज और बाकी लोगों के लिए कुछ और नहीं हो सकता। कई कांग्रेस नेताओं द्वारा राज्य इकाई से परामर्श किए बिना रैलियां आयोजित करने के लिए सिद्धू के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने के बाद, यादव ने 9 दिसंबर को कहा था कि वह पूर्व क्रिकेटर से बात करेंगे। इससे पहले पंजाब कांग्रेस के भीतर संकट और गहरा गया जब पार्टी ने पूर्व विधायक महेशिंदर सिंह और उनके बेटे धर्मपाल को पार्टी के वरिष्ठ नेता नवजोत सिंह सिद्धू के लिए मोगा में एक रैली आयोजित करने के कुछ घंटों बाद पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए नोटिस जारी किया था।

## बंदूक की नोंक पर पेट्रोल पंप में लूट

**गरियाबंद,3 जनवरी**

जिले के एक पेट्रोल पंप में दो नकाबपोश बदमाशों ने बंदूक टिकाकर लूटपाट कर ली है. घटना शुक्रवार देर रात की बताई जा रही है. मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के लक्ष्मी पेट्रोल पंप का है. मिली जानकारी के अनुसार, नगर के आउटर में नेशनल हाइवे में मौजूद लक्ष्मी पेट्रोल पंप में बीती रात दो नकाबपोश बाइक सवारों ने लूट की घटना को अंजाम दिया है. कर्मचारी भावेश ध्रुव की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है. कर्मचारी ने पुलिस को बताया कि वे स्टाफ क्वाटर में सोए हुए थे तभी रात करीब एक से डेढ़ बजे के बीच बाइक में सवार दो लोग पेट्रोल भराने के लिए उठाए. जैसे ही वो उठे बदमाशों ने बंदूक



टिकाकर मारने की धमकी देते हुए काउंटर की चाबी छीन ली. फिर काउंटर में रखा 5 से 10 हजार रुपए लेकर भाग गए. बदमाश पंप में सोये हुए एक बस चालक और स्टाफ का मोबाइल भी छीन लिए. कर्मचारी ने बताया कि बिजली के साथ-साथ गलती से वे लोग सीसीटीवी कैमरे का बटन भी बंद कर दिए थे. इसके चलते बदमाशों को ढूंढना और मुश्किल हो गया है. कोतवाली थाना प्रभारी कृष्ण कुमार जांगड़े ने कहा कि मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है. आरोपी स्थानीय होने के लक्षण नजर आ रहे हैं. जल्द ही आरोपी पकड़े जाएंगे.

## भारत रत्न एलके आडवाणी को बधाइयां

रायपुर। लालकृष्ण आडवाणी को देश का सर्वोच्च पुरस्कार 'भारत रत्न' प्रदान किए जाने घोषणा के साथ बधाई और शुभकामनाएं देने का क्रम शुरू हो गया है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने बधाई दी है.

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय** ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म X पर किए अपने पोस्ट में कहा कि भारतीय राजनीति के दैदीप्यमान नक्षत्र, पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को ÷भारत रत्न÷ से सम्मानित करने की घोषणा से मन अत्यंत प्रसन्न है. राजनैतिक क्षेत्र में आपकी गंभीरता एवं दूरदृष्टि से कई विकासपरक कार्य संपादित हुए हैं. सामाजिक क्षेत्रों में आपका योगदान अतुलनीय है.

**डॉ. रमन सिंह** ने X में किए अपने पोस्ट में कहा कि भारत की अस्मिता और भारतीय चेतना को जागृत करने में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाले महान व्यक्तित्व और हम सभी के आदर्श लाल कृष्ण आडवानी को राष्ट्र के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने की घोषणा स्वागत योग्य है. उनके कार्य और विचार हम सभी को राष्ट्रसेवा हेतु प्रेरित करते हैं, माँ भारती के समर्पित सपूत आडवानी इस सम्मान के सच्चे अधिकारी हैं.

वहीं भाजपा **प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव** ने भी लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न मिलने पर बधाई दी है. उन्होंने पार्टी को खड़ा करने में उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि भारत रत्न मिलने पर छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे देश मे खुशी का माहौल है. देश को ऊंचाई तक ले जाने में उनका बहुत बड़ा योगदान है.



फाइल फोटो

# शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी पर पूरे प्रदेश को है गर्व: मुख्यमंत्री

**रायपुर, 3 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी की शहादत को नमन करते हुए कहा कि शहीद कर्नल का पूरा परिवार तीन पीढ़ियों से देश सेवा कर रहा है। पूरे प्रदेश एवं रायगढ़ के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री श्री साय ने उनके पूरे परिवार के बलिदान को नमन किया। वे आज रायगढ़ जिले में शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम परिसर में स्थापित शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी की प्रतिमा अनावरण कर कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर वित्त मंत्री श्री ओ पी चौधरी, कर्नल विप्लव त्रिपाठी के पिता श्री सुभाष त्रिपाठी, माता श्रीमती आशा त्रिपाठी, श्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि पिछले दिनों रायगढ़ प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के परिजनों से कहा था कि जब भी आप शहीद कर्नल त्रिपाठी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे, मैं जरूर आऊंगा। इसी क्रम में मुख्यमंत्री आज रायगढ़ में शहीद कर्नल त्रिपाठी की प्रतिमा का अनावरण किया।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि रायगढ़ के इस सपूत की वीरता की कहानियां रगो में जोश भर देती है। शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी देशभक्ति और कर्तव्यपरायणता के मिसाल थे। उन्होंने देश के दुश्मनों का डटकर मुकाबला किया और कर्तव्य पालन में कभी रुके नही, थके नहीं। जब आतंकवादियों ने हमला किया तो आखिरी गोली तक वे दुश्मनों से लड़ते हुए शहीद हो गए। श्री साय ने कहा कि वे ऐसे जबांज शेर थे जिनका सामना करने में देश के दुश्मन घबराते थे, इसलिए आतंकवादियों ने उन्हें एम्बुस में फंसाकर हमला किया। दुश्मनों से लड़ाई करते हुए वे अपनी पत्नी अनुजा और बेटे अबीर के साथ वीरगति को प्राप्त हुए। उनके शहादत पर रायगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे देश और प्रदेश को नाज है। मुख्यमंत्री श्री साय ने शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम के जल्द कायाकल्प करने का आश्वासन दिया।

वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि हर रायगढ़ वासी को गर्व है कि शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी रायगढ़ की धरती पर पैदा हुए। उन्होंने देश-दुनिया के सामने देशभक्ति की नजीर रखी। शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी देवत्व से ऊंचे धरातल को प्राप्त करने वाले व्यक्तित्व हैं। जिन्होंने अपने प्राणों तक का त्याग किया। श्री चौधरी ने कहा कि हमारी वर्तमान पीढ़ी देश के लिए उनके योगदान को हमेशा याद करेगी। वो आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनके कार्य हमारी स्मृति में प्रेरणा के रूप में हमेशा मौजूद रहेगी।

## एक नजर

### कर्मचारी हित में मुख्यमंत्री को लिखे पत्र का स्वागत: हारुन मानिकपुरी



**छुरिया 3 फरवरी।** छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश के चुनावी घोषणा पत्र के संयोजक एवं दुर्ग सांसद श्री विजय बघेल जी द्वारा दैनिक वेतन भोगी/अनियमित कर्मचारी/संविदा कर्मचारी एवं अधिकारी, कर्मचारीयों के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री श्री बिष्णुदेव साय जी को पत्र लिखकर कहा है कि कर्मचारियों के अमुल्य योगदान से राष्ट्रीय पार्टी भारतीय जनता को छत्तीसगढ़ में स्पष्ट जनादेश मिला है। भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के लिए श्री विजय बघेल जी ने कर्मचारियों को धन्यवाद प्रेषित किया है। श्री बघेल जी ने प्रदेश भर के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी/अनियमित कर्मचारी/संविदा कर्मचारी एवं अधिकारी कर्मचारीयों की ओर से सहज, सरल व्यक्तित्व के धनी श्री बिष्णुदेव साय जी को मुख्यमंत्री बनाएं जाने पर धन्यवाद प्रेषित किया है। छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ दुर्ग के संभाग उपाध्यक्ष हारुन मानिकपुरी ने भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश के चुनावी घोषणा पत्र के संयोजक एवं दुर्ग सांसद श्री विजय बघेल जी द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री बिष्णुदेव साय जी को लिखे पत्र का स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा स्वत- संज्ञान लेकर दैनिक वेतन भोगियों के हितों को लेकर कितनी चिंतित हैं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में निश्चित ही दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी/संविदा कर्मचारी/अनियमित कर्मचारी एवं अधिकारी कर्मचारीयों की दिशा और दशा सुधरेगी।

### यातायात रथ के माध्यम से जन-जागरूकता अभियान जारी




**राजनांदगांव 3 फरवरी।** 34वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के उन्नीसवें दिन पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा एवं उप पुलिस अधीक्षक, यातायात श्री हेमप्रकाश नायक के मार्गदर्शन में प्र.आर. तेजकुमार किस्पोट्टा द्वारा यातायात जागरूकता रथ के माध्यम से शहर में यातायात नियमों का प्रचार-प्रसार करते मोहारा, हल्दी घाट, फरहद, पेण्ड्री मंडई, ठाकुरटोला मंडई, भाठागांव, गठुला, बोरी, तिलई साप्ताहिक बाजार भ्रमण कर आम जन को यातायात नियमों का पालन करने प्रचार-प्रचार किया गया। दिनांक 03, 04 एवं 05 फरवरी को परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग द्वारा संयुक्त रूप से लर्निंग लायसेंस शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाये। साथ ही आवश्यक दस्तावेज 10वी या 08 वी मार्कशीट या पेन कार्ड, लोकल आईडी प्रूफ-आधार कार्ड या राशन कार्ड, 01 पासपोर्ट साईज फोटो आवश्यक है।

### कलेक्टर के निर्देश पर ओपन जिम उपकरणों की हुई जांच



**रायपुर 3 फरवरी।** नगरीय निकायों की बैठक में कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह द्वारा दिए गए निर्देश पर कार्यवाही करते हुए रायपुर नगर निगम ने अपने सभी ओपन जिम उपकरणों की जांच शुरू कर दी है। महादेव घाट में लगे ओपन जिम उपकरणों में आवश्यक सुधार कर इस दुरूस्त भी कर दिया गया है। कमिश्नर श्री अबिनाश मिश्रा ने कहा है कि स्वास्थ्य के लिए सजग नागरिकों द्वारा इन उपकरणों का नियमित उपयोग किया जाता है, अतः सभी जोन उनके क्षेत्र में लगे जिम उपकरणों का संधारण नियमित रूप से करते रहे। नगर निगम ने नागरिकों से भी अपील की है कि जन सामान्य के उपयोग के लिए स्थापित उपकरणों का इस्तेमाल ठीक से करें और ऐसे तत्व जो इसे नुकसान पहुंचाते है, उसकी शिकायत भी नगर निगम के पास दर्ज कराएं।

### मदरसा बोर्ड का छात्र संपर्क कार्यक्रम 6 फरवरी से

**रायपुर 3 फरवरी।** छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा 2024 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों हेतु दस दिवसीय छात्र संपर्क कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 06 फरवरी से 16 फरवरी 2024 तक किया जा रहा है। रायपुर जिले के परीक्षार्थियों हेतु उर्दू गर्ल्स हा. से. स्कूल, शास्त्री बाजार रायपुर को छात्र संपर्क केन्द्र बनाया गया है। दिनांक 06 फरवरी से 11:00 बजे से कक्षाऐं प्रारंभ होंगी। दस दिवसीय छात्र संपर्क कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित कक्षाओं में विषयवार शिक्षक- शिक्षिकाओं द्वारा अध्यापन कराया जायेगा। रायपुर के अलावा शा.कन्या हाईस्कूल, मांझापारा , कांकेर, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय, पेण्ड्रा, शा.उ.मा.वि.महावीरगंज, शा.आ.रामानुज उ.मा.वि. बैकुण्ठपुर, स्वामी करपात्री जी शा. उ. मा. वि कवर्धा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल फरीद नगर, कोहका भिलाई, शा.बा.उ.मा.वि. सिमगा में भी छात्र संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

# नगर निगम के आवास मेला में 81 परिवारों ने स्वयं के आवास के लिये कराया पंजीयन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 3 फरवरी।** प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर आस योजना के तहत आवासहीन परिवार जो वर्षो से किराये के मकान में निवासरत है, के लिये स्वयं का आवास उपलब्ध कराने नगर निगम सभागृह में आज आवास मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 81 परिवार अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर पंजीयन कराये एवं 20 लोगों ने नया आवेदन फार्म लिये।

आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता द्वारा मेले में उपस्थित परिवारों से संवाद करते हुए आवास के संबंध में जानकारी दी गई। जानकारी देते हुये उन्होंने बताया की जो आवास पूर्ण हो गए हैं उन आवासों के लिए एक मात्र राशि देनी होगी और जिन आवासो का निर्माण कार्य प्रारंभ है जो आवास अभी अपूर्ण है उन आवासो के लिए अग्रिम 10 प्रतिशत राशि देकर वे लॉटरी में शामिल हो सकते हैं उसके उपरांत आपको लगातार 10 किस्तों में शेष राशि देनी होगी। उन्होंने कहा कि रेवाडीह, पेण्ड्री, लखोली व मोहारा में प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास का निर्माण किया गया है और इन्ही स्थानों पर आवास निर्माणाधीन है। वर्तमान में आज जहां यह आवासों का निर्माण किया गया है उन स्थानों में वर्तमान बाजार दर से इन आवासों की अगर तुलना की जाए तो जिस दर में आपको आवास प्रदान किये जा रहे हैं उतने में जमीन भी उपलब्ध नहीं होगी, बहुत सस्ते और अच्छे सुंदर आवाज आपको बहुत कम दर पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पर्याप्त मात्रा में आवास है परिवार इसका लाभ ले और अपना स्वयं के आवास का सपना साकार करें। मेले के प्रारंभ में मोर मकान मोर आस योजना के बारे में आवास योजना के नोडल अधिकारी श्री यू.के रामटेक द्वारा जानकारी दी गयी। आवास मेला में 81 परिवारों के द्वारा अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर पंजीयन कराया गया एवं 20 नए आवेदन फार्म का विक्रय मेले में किया गया। इस अवसर पर योजना के सहायक नोडल अधिकारी श्री दिलीप मरकाम, एलडीसी अंकुर मिश्रा एवं निगम के अधिकारी कर्मचारी सहित नागरिकगण उपस्थित थे।



## समाचार संक्षेप

### कार से 42 किलो गांजा तस्करी करते 1 आरोपी गिरफ्तार




**राजनांदगांव 3 फरवरी।** आगामी लोग सभा निर्वाचन 2024 के मददेनजर मादक पदार्थो की तस्करी पर अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के नेतृत्व में थाना लालबाग पुलिस एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 01.02.2024 के रेड कार्यवाही में उड़िसा से डोंगरगांव गांजा की परिवहन कर रहे तस्कर लोकस मिलर पिता विक्टर मिलर उम्र 24 साल साकिन मोहला को 41.900 किलोग्राम गांजा कीमती 4 लाख 20 हजार, सिल्वर कलर के वैगेनोर कार नंबर सीजी 07 एलएस 4400 कीमती 2 लाख एवं पोको एन्ड्रायड मोबाईल 10 हजार कुल कीमती 6 लाख 30 हजार के साथ फरहद चौंक के पास फरार होने का मौका दिये बिना घेराबंदी कर पकड़ा गया है। इस कार्यावाही में साईबर सेल प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नंद किशोर गौतम, थाना लालबाग के सउनि राजू मेश्राम, आर0 रवि वर्मा, सुनील बैरागी, राकेश ध्रुव, राजेश श्रीवास्तव एवं सायबर सेल से सउनि सुमन कर्ष, प्र0 आर0 अनित शुक्ला, आर0 मनोज खुंटे, जोगेश राठौर, अवध साहू, हरिष ठाकुर की अहम भूमिका रही।

### कन्या छात्रावास राजनांदगांव में "अभिव्यक्ति" कार्यक्रम, छात्राओं को किया गया जागरूक




**राजनांदगांव 3 फरवरी।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशानुसार अति.पुलिस अधीक्षक (आईयूसीएडब्ल्यू) श्रीमती सोनिया उके के मार्गदर्शन में अभिव्यक्ति कार्यक्रम के तहत आज दिनांक 01.02.24 को रक्षाटीम स्टॉफ प्र.आर.पूरन लाल, मआर.रीनू मेश्राम,म.प्र.आर.डोमेश्वरी साहू व महिला प्रकोष्ठ प्रभारी सउनि नंदनी ठाकुर एवं स्टॉफ, प्र.आर अंजू सिंह के द्वारा प्री मौट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास चेंकिग में पहुंच कर उपस्थिति में छात्रावास अधीक्षक सभी छात्राओं से पूछताछ कर समस्या को सुना गया एवं उनकी सुरक्षा व अधिकार से संबधित कानूनी ज्ञान जैसे पॉक्सो एक्ट, गड टच बेड टच, नशे से दुर रहने, सायबर सुरक्षा यातायात नियमों, सोशल मीडिया से होने वाले अपराधों, लैंगिक समानता, ऑनलाईन ओटीपी को किसी से शेयर नही करने, एवं ''अभिव्यक्ति ऐप' के बारे विस्तृत जानकारी देकर अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड कराया गया।

### कलेक्टर से हॉकी की राष्ट्रीय विजेता सांईका साहू ने की सौजन्य भेंट



**राजनांदगांव 3 फरवरी।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल से आज कलेक्टोरेट में हॉकी नेशनल चैम्पियनशिप विजेता खिलाड़ी सुश्री सांईका साहू ने सौंजन्य भेंट की। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सुश्री सांईका साहू को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकानाएं दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कलेक्टर ने कहा कि आगे भी इसी तरह उपलब्धियां हासिल करें और सफलता के नये आयाम स्थापित करें। गौरतलब है कि हॉकी नेशनल चैम्पियनशिप विजेता खिलाड़ी सुश्री सांईका साहू शहर के कला- संस्कृति व पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने वाले श्री अंकालू साहू एवं श्रीमती किरण साहू की सुपुत्री है। थाईलैण्ड में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के लिए चयनित की गई है। हॉकी के अलावा फ्लोर बॉल, थ्रो बाल, बास्केट बॉल, दौड़, रिलेरेस, खो-खो, शार्ट पुट खेल सहित अन्य खेलों में बेहतर दखल रखने वाली सुश्री सांईका को दिल्ली के चैम्पियनशिप में ट्राफी देकर सम्मान किया गया। फ्लोर बॉल खिलाड़ी सुश्री सांईका ने 16वें नेशनल फ्लोर बाल में ग्वालियर यूनिवर्सिटी में कैप्टन टीम से सम्मानित हो चुकी है। वहीं नागपुर में आयोजित फ्लोरबॉल में हरियाणा की टीम से खेलते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया था। इसी तरह देहरादून में आयोजित 14 वें नेशनल फ्लोर बाल में वाइस कैप्टन टीम चुनी गई। सुश्री सांईका शहर में आयोजित फर्स्ट हॉकी इंडिया जूनियर वूमन वेस्ट गेम में चैम्पियनशिप खेल चुकी है। सुश्री सांईका राजनांदगांव में फ्लोर बॉल की कैप्टन रह चुकी हैं। यही नहीं उन्होंने जशपुर में सन 2019 में आयोजित प्रादेशिक स्कूल गेम हॉकी में प्रथम स्थान व बिलासपुर में आयोजित सन 20-22 में वह स्टेट लेवल स्कूल गेम में थर्ड स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा स्कूली खेलों में अपने खेल का सर्वश्रेष्ठ एवं बेहतर प्रदर्शन किया है।

# एनआईटी के युवा पर्यटन क्लब के सदस्यों ने जाना रायपुर का इतिहास

**रायपुर 3 फरवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य के युवा पर्यटन क्लब छात्रों के लिए पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के छत्तीसगढ़ नोडल कार्यालय द्वारा भारत पर्यटन मुंबई के सहयोग से 'रायपुर हेरिटेज वॉक' की एक श्रृंखला आयोजित की जा रही है। जिसके अंतर्गत शुक्रवार 02 फरवरी 2024 को नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) रायपुर के युवा पर्यटन क्लब के 30 सदस्यों ने प्रतिभागिता की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करना और प्रतिभागियों को क्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व के बारे में जानने और सीखने का अवसर प्रदान करना है। इस पहल के माध्यम से, आयोजकों को स्थानीय इतिहास के प्रति गहरी सराहना को बढ़ावा देने और प्रतिभागियों के बीच सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने की उम्मीद है। यह हेरिटेज वॉक लिली चौक से शुरू होकर नागरीदास मंदिर, बजरंगबली बावली, अखाड़ा, जैतुसाव मठ, जगन्नाथ मंदिर होते हुए तुरी हटरी पर समाप्त हुई। वॉक का नेतृत्व हेरिटेजवाला के संस्थापक श्री शिवम त्रिवेदी द्वारा किया गया और पुरानी बस्ती क्षेत्र में स्थित विरासत स्थलों को बहुत ही खूबसूरती से समझाया गया। पुरानी बस्ती में स्थित नागरी दास मंदिर कला, स्थापत्य, देवी-देवताओं और पौराणिक जीवों की बेहद बारीकी से तैयार की गई मूर्तियों के लिए प्रसिद्द है। इस मंदिर का निर्माण दानदातागण स्व. श्री गजराज सिंह साव एवं स्व. श्री मधुकर साव द्वारा लगभग वर्ष 1835 में कराया गया। इस मंदिर में भगवान श्री रामचंद्र, सीतामाता एवं लक्ष्मण जी की मूर्तियां स्थापित हैं। मंदिर के गर्भगृह के परकोटा की पूर्व दिशा की दीवार पर श्री नृसिंह अवतार एवं पश्चिम दिशा की दीवार पर श्री वामन अवतार की मूर्तियां बनी हुई हैं तथा पत्थरों पर विभिन्न सुंदर व मनमोहक आकृतियां उकेरी गयी हैं। प्राचीन समय के महंत श्री नागरीदास जी के कारण इस मंदिर को नागरीदास मंदिर के नाम से जाना जाता है। इस अवसर पर जैतुसाव मठ के सचिव श्री महेंद्र अग्रवाल द्वारा हेरिटेज वॉक के आयोजन की सराहना की गई और छात्रों को मठ के इतिहास के बारे में विस्तार से परिचित कराया गया। हेरिटेज वॉक के दौरान सभी प्रतिभागियों को रेस्पोंसिबल एवं सस्टेनेबल पर्यटन के प्रति जागरूक किया गया एवं ट्रेवल फॉर लाइफ की शपथ भी दिलायी गई। इस अवसर पर पर्यटन मंत्रालय छत्तीसगढ़ नोडल कार्यालय के प्रबंधक मयंक दुबे एवं सहायक प्रबंधक राधिका शर्मा, एनआईटी रायपुर के युवा पर्यटन क्लब के शिक्षक समन्वयक डॉ. गोवर्धन भट्ट शामिल हुए।

# निगम में विभागों के कर्मचारी को बैठाने नहीं बल्कि बढ़ाने की आवश्यकता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 3 फरवरी।** नगर पालिक निगम के कांग्रेसी पार्षद ऋषि शास्त्री ने बताया कि वर्तमान में भाजपा की नई सरकार आते ही विभागो में जो फेर-बदल का कार्य चालू हुआ उसमे जनसमस्या न बढ़े इसका भी ख्याल रखना होगा ऐसे कई मामले को शास्त्री ने साझा कर अवगत कराया है जिससे भाजपा की दुर्भावना भी उजागर हो रही है जबकि जनता की मूलभूत समस्या दूर करना हम सबकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। सरकार आते ही ऐसा क्या कराण है जो पिछले कई सालों से चल रहे मृत पशु उठाने वाले,सेप्टिक टैंक साफ करने वाले,लाइट बिजली लोडर बनाने वाले ऐसे कई विभाग के कर्मचारी काम मे नही आ रहे है? जनता की मूलभूत सुविधा देने में कोई बाधा न आये इस लिये विभाग में पता लगाया गया जहाँ यह बात सामने आरही है की उन सभी कर्मचारियों को बैठा देने कह दिया गया है परन्तु इसका कोई प्रमाण नही मिला? अगर ऐसा होता है तो नगर निगम अंतर्गत रहवासियों को मूलभूत सुविधा प्रदान करने में बाधा उत्पन्न होगी और उन कर्मचारियों का रोजगार भी छीन जाएगा जबकि वर्तमान में नगर निगम की आबादी और बसावट लगातार बढ़ रही है ऐसे में कर्मचारी बिठाने नही बढ़ाने की आवश्यता है। विभागों से यह भी जानकारी मिलि की समय अवधि से पूर्व अन्य विभागों का ठेका भी फिर से करने का आदेश हुआ है जबकि विभागों के पुराने ठेके का निगम ने अभी तक 6 से 7 माह का पेमेंट नही दिया है जबकि ठेकेदारों ने कर्मचारियों का अब तक का पूरा पेमेंट कर दिया है।

# संतों के एक-एक शब्द अनमोल होते हैं: कुलबीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 3 फरवरी।** सदगुरू कबीर नवयुवक सत्संग समिति एवं आमिन माता महिला समूह द्वारा ग्राम मोहड़ वार्ड नं. 49 में 29, 30 व 31 जनवरी को त्रि-दिवसीय संत समागम एवं प्रवचन का आयोजन किया जिसमें सदुरू कबीर साहेब एवं पंथ श्री हुजुर प्रकाश मुनी नाम साहेब की असीम कृपा से राजूदास साहेब के सानिध्य में त्रि-सत्संग प्रवचन हुआ अंतिम दिवस 31 जनवरी बुधवार को शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा शामिल होकर संत साहेब जी का आशीवचन लिया।

सत्संग समारोह के समापन पर पहुंचे कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबडा शामिल होकर संत राजूदास साहेब से आर्शीवाद लेकर शॉल श्रीफल भेंट कर आर्शीवाद लिया। इस दौरान शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि सत्संग की महिमा अनंत है और संत महात्माओं के चरण जिस गांव में पड़ जाते है वह गांव धन्य हो जाता है। उनके एक-एक अनमोल वचन को अपने जीवन में गृहण कर लेने से कई दुखों का निवारण हो जाता है। ऐसे आयोजन के लिए आयोजन समिति व ग्रामवासियों को हार्दिक बधाई देता हूं।



इस अवसर पर प्रमुख रूप से किसान कांग्रेस महामंत्री योगेन्द्र दास वैष्णव, पार्षद मनीष साहू, आयोजन समिति के अध्यक्ष शेखर साहू, उपाध्यक्ष घनश्याम साहू, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र साहू, संतोष साहू, मुकेश साहू, गोविंद साहू, आमिन माता महिला समूह की पुष्पा साहू, कांति साहू एवं समस्त ग्रामीण जन बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस दौरान विशेष रूप से नवयुवक सत्संग समिति एवं महिलाओं का सहयोग रहा।

## 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता

# एयर फोर्स की रेल्वे कपूरथला पर 6-5 गोल से रोमांचक जीत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 3 फरवरी।** देश की नामचीन टीम इंडियन एयर फोर्स ने काफी उतार-चढ़ाव भरे मैच में रेल्वे कोच फैक्ट्री कपूरथला को 6-5 गोल से दूसरे आसान मैच में आर्मी इलेवन रेड ने नवल टाटा हॉकी अकादमी जमशेदपुर को 6-3 गोल से एवं तीसरे संघर्षपूर्ण मैच में कस्टम पुणे ने साउथ सेंटर रेल्वे सिकंदराबाद को 4-3 गोल से पराजित करते हुए, 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता में दो-दो अंक प्राप्त किया।

आज स्पर्धा में नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, ओलंपिक हॉकी खिलाड़ी देवेश चौहान, दीपक ठाकुर, हरपाल सिंह व डीसी जैन, कचरू प्रसाद शर्मा, तरूण लहरवानी, हर्ष रामटेके, हरिंदर सिंह भाटिया, नरेश डाकलिया ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। दिग्विजय स्टेडियम समिति द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही, 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के पांचवें दिन लीग राउंड के पहले मैच में इंडियन एयर फोर्स ने रेल्वे कोच फैक्ट्री कपूरथला को 5 गोल के विरूद्ध 6 गोल से पराजित करते हुए 2 अंक प्राप्त किए। एक समान हॉकी खेलने वाली दोनों ही टीमें मैच प्रारम्भ से ही एक दूसरे पर आक्रमण प्रारम्भ कर दिया था और मैच के 6वें मिनट में कपूरथला को पेनाल्टी कार्नर मिला, जिसे करण पाल सिंह ने गोल कर स्थिति 1-0 गोल पर ला दिया, लेकिन दूसरे ही मिनट में एयर फोर्स को भी पेनाल्टी कार्नर मिला, जिस पर लवदीप सिंह गोल में तब्दिल कर मैच 1-1 गोल की बराबरी पर ला दिया। दूसरा क्वार्टर कपूरथला के नाम रहा, जहां उसे 16वें मिनट मे पेनाल्टी स्ट्रोक मिला। जिस पर करण पाल सिंह ने गोल किया वहीं तीसरा गोल 30वें मिनट में सुरिंदर सिंह ने और चौथा गोल 34वें मिनट में प्रदीप सिंह ने कर अपनी टीम को 4-1 गोल की बढ़त दिला दी थी। इसके बाद एयर फोर्स के खिलाड़ियों ने रणनीति बदली और 36वें मिनट में अजीत पैनीट ने पेनाल्टी कार्नर से और 41वें मिनट में लवदीप सिंह ने पेनाल्टी स्ट्रोक से गोल कर मैच 4-3 गोल पर ला दिया। मैच के 43वें मिनट में कपूरथला के राजिंद कडूंलना ने मैदानी गोल कर मैच 5-3 गोल पर ला दिया था, लेकिन मैच का चौथा क्वार्टर इंडियन एयर फोर्स के नाम रहा, जहां उसके आक्रमक पंक्ति के खिलाड़ियों ने एक के बाद एक लगातार 3 गोल कर मैच 6-5 गोल से जीत लिया। ये गोल 49वें मिनट में सुखदेव सिंह 54वें मिनट में अजीज पैनौटी ने और 57वें मिनट में नितेश किरो ने किया। दूसरे खेले गये आसान मैच में आर्मी इलेवन रेड ने नवल टाटा जमशेदपुर को 3 गोल के मुकाबले 6 गोल से पराजित कर पूल बी में दो अंक प्राप्त किये। मैच के पहले क्वार्टर के 13वें मिनट में आर्मी के सुमित पाल सिंह ने गोल किया। जिसके जवाब में टाटा के सत्यम ने 17वें मिनट में गोल कर मैच 1-1 गोल की बराबरी पर ला दिया। आर्मी की ओर से 19वें मिनट में राजंत ने और 23वें मिनट में सुमित पाल ने गोल कर स्थिति 3-1 गोल पर ला दी थी, लेकिन जमशेदपुर के खिलाड़ियों ने 26वें मिनट में पेनाल्टी कार्नर बनाया, जिस पर उज्ज्वल पाल ने गोल किया और 30वें मिनट में पुन- उज्ज्वल पाल ने पेनाल्टी स्ट्रोक से गोल कर नवल टाटा को मध्यांतर पूर्व 3-3 गोल की बराबरी पर ला दिया।



संपादकीय

## अंतरिम बजट तो उम्मीद के विपरीत है

देश में चुनावी साल में जो दल सत्ता में रहता है, वह अंतरिम बजट पेश करता है। परंपरा है कि चुनाव जीतने के लिए अंतरिम बजट में लोकलुभावन घोषणाएं की जाती रही हैं। अब तक आजादी के बाद से तो सभी दलों ने ऐसा किया है। यह एक तरह से बजट की परंपरा है। इस परंपरा के अलग हटकर कोई राजनीतिक दल बजट पेश करने की हिम्मत नहीं दिखा पाया है। जनता को लुभा कर वोट पाने का लालच कोई दल छोड़ नहीं पाया है और विपक्ष ने उसकी यही कहकर आलोचना की है यह तो चुनावी बजट है। चुनाव जीतने के लिए ही सत्तारूढ ने लोकलुभावने घोषणाएं की है। यह चुनावी साल है, कुछ महीनों बाद लोकसभा का चुनाव है, इसलिए मोदी सरकार ने दो तीन माह काम चलाने के लिए अंतरिम बजट पेश किया है। उन्होंने इस बजट में किसी तरह की लोकलुभावन घोषणा न कर विपक्ष सहित पूरे देश को चौंका दिया है। सब यही उम्मीद कर रहे थे कि मोदी सरकार अंतरिम बजट में किसानों,महिलाओं,युवाओं व गरीबों के लिए जरूर कुछ अच्छी घोषणाएं करेंगे ताकि उनकी जीत पक्की हो जाए। अंतरिम बजट में मोदी सरकार ने कोई लोकलुभावन घोषणा नहीं करने की हिम्मत दिखाई है और साबित किया है कि लीक से हटकर काम करने की सोच व हिम्मत उनमें हैं। वह कुछ नया करने का जोखिम उठा सकते हैं। वह ऐसे नेता हैं जिनके लिए चुनावी जीत से ज्यादा अहम देश हित है। वह ऐसा इसलिए कर सके हैं कि उनको चुनाव जीतने का विश्वास है। वह कई महीनों से कहते आ रहे हैं कि 2024 का लोकसभा चुनाव वह जीत रहे है। यह विश्वार तब पैदा होता है जब दल व सरकार ने लोकहित, देशहित में काम किए हों। सरकार के प्रति लोगों में नाराजगी न हो। जनता को मालूम हो कि यह सरकार ही उसका भला कर सकती है। पीएम मोदी जानते हैं कि जनता के लिए उन्होंने इतना काम किया है कि वह अंतरिम बजट में कोई लोकलुभावन घोषणा नहीं भी करेंगे तो जनता मान लेगी कि असली बजट में यह सरकार उनके लिए जरूर कुछ करेगी। पीएम मोदी व दूसरे दलों के नेताओं के सोचने व काम करने के तरीके में जमीन आसमान का अंतर है। दूसरे दलों के काम करने का तरीका यह है कि किसी योजना के जरिए लोगों को नगद पैसा दे दिया जाए ताकि लोग उसे चुनाव में वोट दें। वह पैसा देता रहे और लोग वोट देते रहें। इससे लोगों को पैसे तो मिलते हैं लेकिन राज्य व देश का नुकसान होता है। विपक्षी दल वोट के लिए जनता को किसी न किसी तरीके से पैसे देते रहते हैं। पीएम मोदी जो कुछ करते हैं वह देश के लिए करते हैं, इससे देश का भला होता है तो साथ में लोगों का भला भी हो जाता है। वह चाहते हैं कि लोग सरकार की मदद से अपने पैरों पर खड़े हों। अपना काम करे, लोगों को रोजगार देने वाले बनें। विपक्ष चाहता है कि जनता उस पर सहायता के लिए निर्भर रहे। वह अपने पैरों पर खड़ी न हो। यही वजह है कि मोदी बजट हो, अंतरिम बजट हो वह विकसित भारत लक्ष्य के लिए काम करते हैं।वह सोचते हैं कि भारत 2047 तक कैसे विकसित भारत बन सकता है। देश विकसित भारत तब ही बन सकता है जब लोग सरकारी नौकरी को ही रोजगार न माने, अपना रोजगार शुरू करें। अपना काम करने को सोचें। दस साल में पीएम मोदी ने जहां लोगों को मदद की जरूरत है, वहां मदद की है तथा जहां लोगों को अपने पैरों में खड़े करने की जरूरत थी तो उन्होंने खड़ा करने का पूरा प्रयास किया है। पीएम मोदी समाजवाद व पूंजीवाद दोनों का उपयोग टूल की तरह करते हैं। देश बहुत बड़ा है, बहुत बड़ी आबादी है, देश को समाजवाद की जरूरत भी है और पूंजीवाद की भी। पीएम मोदी ने चार जातियों की बात करते रहते हैं। नारी,युवा, किसान व गरीब। इसमें देश के सभी लोग आ जाते हैं। इस बजट में इन चारों का ध्यान रखा गया है। सबसे ज्यादा इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च को बढ़ाया गया है। आवास सुविधा पर ध्यान देने की बात कही गई है,महिलाओं के लिए लखपति दीदी का बात कही गई है। मेट्रो ट्रेन का बजट बढ़ाया गया है, तीन नए रेल कारीडोर बनाए जाएंगे,सोलर प्रोजेक्ट पर विशेष ध्यान दिया गया है।डिफेंस का बजट बढ़ाया गया है। घरेलू उद्योग की मदद के लिए फंड़ बढ़ाने का फैसला किया गया है। बहुत कुछ इस बजट में नहीं किया गया है, जो नहीं किया गया है वह जुलाई के बजट में किया जाएगा। लोग तब तक भरोसा कर सकते हैं क्योंकि मोदी ने अपने काम से उनका भरोसा जीता है। यही भरोसा मोदी को जीत के प्रति आश्वस्त करता है।

# आत्मनिर्भर भारत में बदलता कृषि परिदृश्य

कृषि

निमिष रुस्तगी/ हिमांशु पाठक/ रितु कटारिया/ मनीष तिवारी

2018 में, साहसिक दृष्टिकोण के साथ एक बीज बोया गया, जिसका लक्ष्य क्षेत्रीय आर्थिक विभाजन को पाटना और भारत के विविध जिलों में आत्मनिर्भरता को पोषण करना था। एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) नामक इस बीज का उद्देश्य एकल प्रतिष्ठित उत्पाद के माध्यम से प्रत्येक जिले की अनूठी शक्तियों की पहचान करना, उसके उत्पादन क्षमता को बढ़ाना और स्थानीय समाज को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है। ÷वोकल फॉर लोकल÷ संदेश के भाव से प्रेरित ओडीओपी, कारीगरों, किसानों और उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए ग्रामीण परिदृश्य को संपन्न उद्यम केंद्र के रूप में विकसित कर रहा है। 2018 में बोया गया यह बीज विगत वर्षों में तेजी से विकास करते हुए कोमल पौधे से एक हरे-भरे बगीचे की शक्ल ले लिया है, या यूं समझिए कि ओडीओपी के परिश्रम का फल अब पक गया है, जिसका मधुर स्वाद संबंधित समाज को मिलने भी लगा है। ओडीओपी पहल ने देश भर के 760 से अधिक जिलों के एक हजार से अधिक उत्पादों की पहचान की है। हथकरघा, सुगंधित मसालों और उत्कृष्ट हस्तशिल्प की एक जीवंत तस्वीर पीएम-एकता मॉल में भी प्रदर्शित होती है, जो एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) पहल की परिवर्तनकारी शक्ति का प्रमाण है। पूरे भारत में, एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) पहल की जीवंत छवि के नीचे, परिवर्तन की उल्लेखनीय कहानियाँ छिपी हुई हैं। ये एकल प्रतिभा के एकमात्र आख्यान नहीं हैं, बल्कि आत्मनिर्भरता और परस्पर सहयोग की जादूई शक्ति के साथ आगे बढ़ रहे सामूहिक विकास का मंगल गान हैं। आइए, उन प्रेरणादायक कहानियों को साझा करते हैं जो भारत के विभिन्न जिलों और राज्यों के आर्थिक विजय और सांस्कृतिक गौरव को दर्शाती हैं।

**शोपियां, जम्मू और कश्मीर - गुणवत्तापूर्ण सेब-** कश्मीर की बर्फीली हवाओं के बीच, शोपियां के सेब विश्व तक पहुंचने की संभावनाओं से चमक रहे हैं। ओडीओपी का जादुई स्पर्श, संबंधित जिलों और राज्यों को आर्थिक और आत्मनिर्भरता के धागों में पिरोता जा रहा है। प्रधानमंत्री विकास पैकेज (पीएमडीपी), एसएमएएम और एमआईडीएच से उत्पादन बढ़ाने के सपने साकार हो रहे हैं। इसी के परिणाम स्वरूप उत्पादन में 20 प्रतिशत की शानदार वृद्धि देखने को मिली है जो इस क्षेत्र में आर्थिक विकास की संभावना को दर्शाती है।

**उत्तरकाशी, उत्तराखंड - लाल चावल-**हिमालय के मनभावन दृश्यों के बीच रचा-बसा उत्तरकाशी, आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक परिवर्तनकारी शक्ति पर विशेष जोर दे रहा है। इसी ओर कदम बढ़ाते हुए गैर सरकारी संगठनों, स्थानीय प्रशासन और 700 से अधिक किसानों को 15 प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से जैविक खेती कौशल से सशक्त किया गया है। एक हजार से अधिक लाभार्थियों को महत्वपूर्ण उपकरण भी प्रदान किए गए हैं जिसके फलस्वरूप यहां पर लाल चावल का उत्पादन 25त्न बढ़ गया है। यह आत्मनिर्भर भारत की सफलता की कहानी न केवल उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था को सशक्त करती है बल्कि टिकाऊ कृषि पद्धतियों के साथ इसके भविष्य को भी मजबूत करती है।



**अराकू घाटी, आंध्र प्रदेश - उत्तम कॉफी की खेती-** भारत के पूर्वी घाट में स्थित, ÷अराकू वैली कॉफी÷ अपने स्वाद और समृद्ध सुगंध से मन मोह लेती है। यह कॉफी स्थानीय समाज के लिए किसी चमत्कार से कम नहीं है। लगभग डेढ़ लाख आदिवासी परिवार, कॉफी बोर्ड और एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसी (आईटीडीए) के साथ मिलकर इस बेशकीमती पेय को उत्पादित कर रहे हैं। पारंपरिक तरीकों का सम्मान करते हुए, उत्पादनकर्ताओं ने 20त्न की जबरदस्त वृद्धि हासिल की है। गिरीजन को-ऑपरेटिव कॉरपोरेशन (जीसीसी) द्वारा प्राप्त एक करोड़ से अधिक की ऋण ने भी उत्पादन की बढ़ोतरी में अहम भूमिका निभाई है। अराकू घाटी का यह पेय पदार्थ आत्मनिर्भर भारत का एक सामुदायिक गान है।



**कंधमाल, ओडिशा - सुगंधित हल्दी-**ओडिशा के कंधमाल जिले में उगने वाली सुगंधित हल्दी, भारत की दूसरी सबसे बड़ी उत्पादक है। आत्मनिर्भरता की गाथा गाती यह हल्दी न केवल स्वादिष्ट और औषधीय गुणों से भरपूर है, बल्कि आर्थिक विकास की प्रेरणा भी बन गई है। इसी क्रम में आगे बढ़ते हुए, वित्तीय योजनाओं से सशक्त पांच हजार से अधिक प्रशिक्षित कर्मचारी, 1,300 किसानों के साथ मिलकर घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में अपनी धाक जमा रहे हैं। सरकारी खरीद में 70त्न की वृद्धि ने सफलता की गाथा में चार चांद लगा दिए हैं। इस प्रगति ने आदिवासी बंधुओं के आत्मविश्वास को बढ़ाया है और कंधमाल को आत्मनिर्भर भारत की ओर अग्रसर किया है।



**बठिंडा, पंजाब - उच्च गुणवत्ता वाला शहद उत्पादन-** बठिंडा, पंजाब का यह ऐतिहासिक शहर अब एक नई पहचान बना रहा है - स्वर्णिम मधु के रूप में। यह मधु न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की भावना से भी गूंज रहा है। स्थानीय स्तर पर सुलभता से उपलब्ध परीक्षण प्रयोगशालाएं, मधुमक्खी पालकों को समय बचाने और गुणवत्तापूर्ण मधु उत्पादन में मदद कर रही हैं। सब्सिडी, ऋण और प्रधानमंत्री माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज (पीएमएफएमई) जैसे विकासरूपी सरकारी मददों से मधुमक्खी पालक आर्थिक रूप से सशक्त बन रहे हैं। निफ्टेम (एनआईएफटीईएम) द्वारा बेहतर ब्रांडिंग और पैकेजिंग मधु को बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बना रही है। इन प्रयासों के फलस्वरूप शहद उत्पादन में 30त्न की वृद्धि दर्ज हुई है। बठिंडा का मधु आत्मनिर्भर भारत की सफलता की कहानी का प्रतीक है। यह दर्शाता है कि सरकारी सहयोग, कड़ी मेहनत और नवीनतम तकनीक के साथ भारत के हर क्षेत्र में विकास और समृद्धि संभव है।

**बुरहानपुर, मध्य प्रदेश - बेहतर गुणवत्ता वाले केले-** बुरहानपुर के बेहतर गुणवत्ता वाले केले मध्य प्रदेश के दिल में बसी एक मीठी सफलता की कहानी बयां कर रहे हैं। ओडीओपी के अंतर्गत मिल रहे नवाचार और किसानों के समर्थन के परिणामस्वरूप उत्पादन में 15% की वृद्धि हुई है। अब, अपना बुरहानपुर फल-फूल रहा है, इस क्षेत्र में केले से प्राप्त आर्थिक मिठास से संतोषजनक वातावरण का निर्माण हो रहा है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 सहित वैश्विक आयोजनों में इस उत्पाद की भागीदारी ने बुरहानपुर की आर्थिक झलक को प्रदर्शित किया है, जिससे विश्व मंच पर इसका स्वाद और निखर कर सामने आया है। कश्मीरी सेब से लेकर आंध्र प्रदेश की कॉफी तक, ओडीओपी की सफलता, नवाचार और विजय की कहानियों से बुनी गई है।



प्रत्येक जिले का अनोखा उत्पाद, जो कभी स्थानीय बाजारों तक ही सीमित था, अब विश्व मंच पर चमक रहा है, वैश्विक स्तर पर लोगों को लुभा रहा है और अंतर्राष्ट्रीय प्रशंसा प्राप्त कर रहा है। सुनहरे उत्पादों से परे, ओडीओपी केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की एक क्रांति है। ओडीओपी, क्षेत्र-विशिष्ट उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को ऊपर उठाता है बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना में भी योगदान देता है। यह तो इस सफल यात्रा की शुरूआत है, अभी भी मीलों संभावनाओं की खोज की जानी है, नए सूत्र बुने जाने हैं और अनकही कहानियां बताई जानी हैं। जैसे-जैसे ओडीओपी की मुहिम आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे ओडीओपी की मीठी महक हवाओं को सुगंधित करने लगी है।

**साभार - वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय**

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज आपको कोई बड़ी खुशखबरी भी मिलने वाली है। आज अपना हर काम योजनाबद्ध तरीके से करना और अपने काम के प्रति एकाग्र चित्त होना आपको सफलता देगा। आज कुछ यात्रा होने के योग भी बन रहे हैं। आज अपने व्यस्त समय से कुछ समय धार्मिक व आध्यात्मिक गतिविधियों के लिए निकालेंगे, इससे आपको मानसिक शांति मिलेगी।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी विशेष आयोजन में जाने का मौका मिलेगा और नई जानकारियां सीखने को मिलेंगी। आज खर्चों की अधिकता रहेगी, लेकिन साथ ही आय के साधन बढ़ने से परेशानी नहीं होगी। आज अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए ध्यान केंद्रित करेंगे। आज पर्सनल लाइफ से संबंधित किसी भी प्रकार का रिस्क लेने से परहेज करेंगे। आज ऑफिस में आप पूरी मेहनत और आत्मविश्वास के साथ काम करेंगे।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए ठीकःठाक रहने वाला है। आज आपकी सूझबूझ और विवेक से समस्याएं आसानी से हल हो जाएंगी। महिलाओं का आज ऑनलाइन शॉपिंग में समय बीतेगा। आज आपको किसी रिश्तेदार के घर जाने का निमंत्रण मिलेगा। आज अन्य गतिविधियों में व्यस्तता की वजह से आपका खुद का कोई महत्वपूर्ण काम अधूरा रह सकता है। परंतु अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित बनाकर भी रखना जरूरी है।

कर्क राशिः आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज परिवार संबंधी किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर सलाह-मशवरा होगा और इसके सकारात्मक नतीजे सामने आएंगे। आज मनोरंजन संबंधी गतिविधियों में भी समय बीतेगा। आज व्यवसायिक व्यवस्था को बनाए रखने में आपका योगदान जरूरी है। आज कोई बाहरी व्यक्ति आपके कार्यक्षेत्र की व्यवस्था में कुछ विघ्न डाल सकता है।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। प्रॉपर्टी के सेल परचेज संबंधी कार्यवाही चल रही है, तो निश्चित सफलता मिलेगी। आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अपने आपको सशक्त महसूस करेंगे। आज किसी सदस्य की नकारात्मक बात को लेकर आपका मूड थोडा खराब हो सकता है। लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जाएगा। आज कहीं भी यात्रा करने से फिलहाल परहेज करें और व्यक्तिगत मामलों में ध्यान देंगे।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी खास व्यक्ति के मार्गदर्शन में आप कार्यों को बेहतरीन तरीके से करेंगे। किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी विचार-विमर्श होगा। आज किसी धार्मिक संस्था में सेवा संबंधी कार्यों में समय बीतेगा। आज किसी भी कार्य को लापरवाही की वजह से अधूरा ना छोड़। पैतृक जमीनःजायदाद संबंधी मामले में आज आपको सफलता मिलेगी। आज दूसरों के व्यक्तिगत मामलों से भी खुद को दूर ही रखें। आज बिजनेस में इनकम बढ़ाने के लिए किए प्रयोग फायदेमंद होंगे।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आपका स्वाभिमान और आत्मविश्वास हर परिस्थिति में मेहनत करने की क्षमता बढ़ाएगा और आपके रुके हुए काम थोड़े प्रयास से बन जाएंगे। आज बेकार की गतिविधियों में समय बिताना आपके महत्वपूर्ण कार्य में रुकावट डाल सकता है। अच्छे रिजल्ट के लिए किसी का मार्ग दर्शन अवश्य लें।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपका कर्म प्रधान बनेगा और आप अपनी ऊर्जा का भरपूर इस्तेमाल करेंगे। आपको अपनी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम भी मिलेंगे। भूमि अथवा वाहन से संबंधित कोई काम हो सकता है। कुछ समय अपने मनोरंजन के लिए भी निकाल लेंगे। वर्तमान स्थिति पर ही अपना ध्यान केंद्रित रखें। अपनी चीजों को संभालकर रखें। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई पर ज्यादा फोकस रहने की जरूरत है।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। धार्मिक अथवा आध्यात्म गतिविधियों में आपका रुझान बढ़ेगा। आपके अपने व्यक्तिगत काम भी पारिवारिक सदस्यों की मदद से काफी हद तक पूरे हो जाएंगे। घर के वरिष्ठ सदस्यों के मान-सम्मान और मार्गदर्शन की अवहेलना ना करें। आज किसी भी अपरिचित व्यक्ति से अपनी व्यक्तिगत योजनाएं शेयर ना करें और ना ही किसी तरह की बहस में उलझे।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज का दिन उपलब्धियों वाला है इसका भरपूर उपयोग करना जरूरी है। किसी भी कार्य को करने से पहले उसकी रूप-रेखा तैयार करने से उचित सफलता मिलेगी। आज दूसरों की व्यक्तिगत बातों पर ध्यान ना देकर अपने काम के प्रति एकाग्र रहेगे। यह समय अपने कार्यों के प्रति फोकस रहने का है। आज आप कुछ समय एकांत, ध्यान आदि में जरूर बिताएंगे। आज कारोबारी गतिविधियां सुचारू रूप से चलती रहेगी हालांकि परिणाम मिलने में कुछ समय लग सकता है।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज विदेश जाने के लिए प्रयासरत लोगों को कोई अच्छी खबर मिलने की संभावना है। सामाज संबंधी गतिविधियों में आपका खास योगदान रहेगा। अपनी बौद्धिक क्षमता और व्यवहार कुशलता द्वारा सकारात्मक परिणाम हासिल करेंगे। आज आपको करियर संबंधी कोई शुभ सूचना मिलने से राहत मिलेगी। आज दूसरों के मामले में हस्तक्षेप ना करें और अपने काम से ही मतलब रखें। समय अनुसार अपने व्यवहार में परिवर्तन लाना जरूरी है। कार्यस्थल पर अपनी उपस्थिति और फोकस बनाये रखना जरूरी है।

मीन राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके उद्देश्य की पूर्ति होगी और अनुभवी लोगों के साथ रहकर भी बहुत कुछ बेहतर सीखने को मिलेगा। आज दौड़-धूप की अधिकता रहेगी परंतु सफलता मिलने से खुशी भी मिलेगी। आज आपका रुका हुआ पैसा वापस मिलेगा, जिससे आप अपने जरूरत का सामान खरीदेंगे। फाइनेंस संबंधी गतिविधियों के मामले में किसी पर भी अधिक भरोसा ना करें। व्यवसायिक व्यवस्था बेहतर होगी और कर्मचारियों का भी भरपूर सहयोग बना रहेगा। प्रॉपर्टी संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी।

जीवननामा

# ऐसा रहा आडवाणी का सियासी सफर

**लाल कृष्ण आडवाणी द्वारा लिखी गई पुस्तकें**

मेरा देश मेरा जीवन (2008)

एक कैदी की स्क्रैपबुक (1978)

नजरबंद लोकतंत्र (2003)

सुरक्षा और विकास के नये दृष्टिकोण (2003)

जैसा कि मैंने इसे देखा (2011)

माई टेक (2021)

अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में उप प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कद्दावर नेता लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिया जाएगा। देश का सबसे बड़े सम्मान पाने वाले आडवाणी सबसे लंबे समय तक भाजपा के अध्यक्ष रहे हैं। आडवाणी लगभग तीन दशक तक संसद में चुनकर आते रहे। आडवाणी भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक रहे हैं। 8 नवंबर, 1927 को सिंध (अब पाकिस्तान में) में जन्मे आडवाणी कराची के सेंट पैट्रिक स्कूल के छात्र रहे हैं। देशभक्तिपूर्ण आदर्शों ने उन्हें 1942 में 14 साल की उम्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। लाल कृष्ण आडवाणी को व्यापक रूप से महान बौद्धिक क्षमता, मजबूत सिद्धांतों और एक मजबूत और समृद्ध भारत के विचार के प्रति अटूट समर्थन रखने वाले व्यक्ति के रूप में जाना जाता है। आडवाणी के बारे में जिक्र करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा, ÷आडवाणी जी ने राष्ट्रवाद में अपने मूल विश्वास से कभी समझौता नहीं किया है और फिर भी जब भी स्थिति की मांग हुई उन्होंने राजनीतिक प्रतिक्रियाओं में लचीलापन दिखाया है।

**स्कूली शिक्षा और करियर-** लाल कृष्ण आडवाणी ने अपनी स्कूली शिक्षा कराची के सेंट पैट्रिक हाई स्कूल में की। उन्होंने 1936 से 1942 तक 6 वर्षों तक वहां अध्ययन किया। भारत छोड़ो आंदोलन (1942) के दौरान वे दयाराम गिदुमल नेशनल कॉलेज, हैदराबाद (अब पाकिस्तान में) में शामिल हो गए। 1944 में उन्होंने कराची में मॉडल हाई स्कूल में शिक्षक के रूप में नौकरी की।

**सियासी सफर-**1947 में विभाजन के बाद आडवाणी दिल्ली चले आए और राजस्थान में आरएसएस के प्रचारक बन गए। 1947 से 1951 तक उन्होंने कराची शाखा में आरएसएस सचिव के रूप में अलवर, भरतपुर, कोटा, बूंदी और झालावाड़ में आरएसएस कार्य का आयोजन किया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा जनसंघ के गठन के बाद आडवाणी 1951 में इस पार्टी से जुड़े। उन्हें राजस्थान में पार्टी की इकाई का सचिव नियुक्त किया गया। 1957 की शुरुआत में - अटल बिहारी वाजपेयी की सहायता के लिए उन्हें दिल्ली ट्रांसफर कर दिया गया। वह 1970 में राज्य सभा के सदस्य बने और 1989 तक इस सीट पर रहे। दिसंबर 1972 में वह भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष चुने गए। आडवाणी ने अटल बिहारी वाजपेयी के साथ 1980 में भाजपा की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह भाजपा की आक्रामक और जुझारू हिंदुत्व विचारधारा के चेहरे के रूप में उभरे। उन्होंने 1990 के दशक में वाजपेयी के साथ पार्टी के उत्थान की योजना बनाई और भाजपा को 1984 में दो संसदीय सीटों से 1992 में 121 सीटों और 1996 में 161 सीटों तक पहुंचाया। 1996 के चुनावों के दौरान भारतीय लोकतंत्र में एक ऐतिहासिक मोड़ तब आया जब भाजपा लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी बन गई। लाल कृष्ण आडवाणी को 1975 में पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई की सरकार में सूचना और प्रसारण मंत्री नियुक्त किया गया था। उन्होंने 1998 और 1999 में भाजपा के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में केंद्रीय गृह मंत्री और 2002 में उप प्रधानमंत्री के रूप में भी कार्य किया।



**राम जन्मभूमि आंदोलन-** 1990 के दशक में वह राम जन्मभूमि आंदोलन का चेहरा बनकर उभरे। राम रथ यात्रा 25 सितंबर, 1990 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर सोमनाथ से शुरू हुई थी और 10,000 किमी की यात्रा के बाद 30 अक्टूबर को अयोध्या में समाप्त होनी थी। यात्रा का मकसद राम मंदिर निर्माण के अभियान के लिए समर्थन हासिल करना था।

**पुरस्कार-**लाल कृष्ण आडवाणी को साल 1999 में भारतीय संसदीय समूह द्वारा उत्कृष्ट सांसद पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। साल 2015 में भारत सरकार की तरफ से उन्हें पद्म विभूषण से भी नवाजा गया।

गंभीर मुद्दा

# किसी त्रासदी से कम नहीं है परीक्षाओं में प्रश्न डिलीट होना

सुनील कुमार महला



हाल ही में राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा स्कूल लेक्चरर (स्कूल शिक्षा) वर्ष 2022 के विभिन्न विषयों की फाइनल आंसर-की जारी की गई है। जारी की गई इस फाइनल आंसर-की में राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा विभिन्न विषयों में अनेक प्रश्नों को डिलीट किया गया है। यह हमारी परीक्षा प्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगाता है। वास्तव में, इतनी अधिक संख्या में प्रश्नों को डिलीट करने से अभ्यर्थियों पर बहुत ही नकारात्मक प्रभाव(नेगेटिव इफेक्ट)भी पड़ता है। सच तो यह है कि अभ्यर्थी एक प्रकार के मनोवैज्ञानिक दबाव में रहते हैं। परीक्षार्थी उलझन में रहता है और कई बार उसे यह लगता है कि उसकी तैयारी में कुछ कमी रह गई है। ऐसे में प्रश्न पत्र निर्माता को यह चाहिए कि वह परीक्षा हेतु ऐसे प्रश्न बनाएं जिसमें संशय या डाउट की कहीं भी कोई भी गुंजाइश ही ना हो। इतनी अधिक संख्या में प्रश्नों को डिलीट करने से प्रश्न पत्र लेने वाली संस्थाओं व प्रश्न पत्र निर्माताओं पर भी सवालिया निशान खड़े होते हैं। वास्तव में प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्नों को डिलीट करना एक ग़लत परंपरा है लेकिन यह परंपरा काफी सालों से चली आ रही है। हाल ही में एक प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक के हवाले से यह खबर आई है कि आरपीएससी ने स्कूल लेक्चरर परीक्षा 2022 में 132 डिलीट किए हैं। इनमें केमेस्ट्री के 17, हिंदी के 16 और उर्दू के 11 प्रश्न शामिल हैं। दैनिक ने यह स्पष्ट रूप से लिखा है कि इतनी बड़ी संख्या में प्रश्न डिलीट होने से मामला कोर्ट में जा सकता है। जानकारी देना चाहूंगा कि प्रश्नों पर ही नहीं आयोग के पेपर सेटरों पर भी उंगली उठती रही है। यहां पाठकों को यह जानकारी देना चाहूंगा कि स्कूल लेक्चरर के 26 विषयों पर भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी। अब आयोग ने अंतिम परिणाम जारी करने के बाद विषयवार अंतिम आंसर की भी जारी की हैं। इन आंसर की के सामने आते ही अभ्यर्थियों में हलचल मच गई है। आयोग द्वारा इतनी बड़ी संख्या में प्रश्न डिलीट किए जाने से एक्सपर्ट भी असमंजस में हैं। यहां प्रश्न यह उठता है कि आखिर ऐसी नौबत ही क्यों आती है कि किसी भी आयोग को हरेक परीक्षा में प्रश्नों को डिलीट करना पड़े ? निर्धारित सिलेबस, निर्धारित अंकों के बावजूद आयोग को लगभग लगभग हरेक परीक्षाओं में प्रश्नों को डिलीट करना पड़ता है और भर्तियां माननीय न्यायालय में चली जाती हैं। बहुत बार तो आउट आफ सिलेबस प्रश्न पूछे जाते हैं। फिर सालों साल केस चलते हैं। यहां बात सिर्फ और सिर्फ राजस्थान लोक सेवा आयोग की ही नहीं है, देशभर में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में अक्सर ऐसा होता है और यह बात मीडिया के हवाले से आई खबरों से हम सभी को पता चलती है।

यहां यक्ष प्रश्न यह उठता है कि क्या किसी भी आयोग के सब्जेक्ट एक्सपर्ट डेढ़ दो सौ ऐसे प्रश्नों का चुनाव नहीं कर सकते हैं जो कि किसी भी तरह से विवादों या संशय की स्थिति में न आने पाये ? आयोग की गलतियों का खामियाजा बहुत बार मेधावी छात्रों को भुगतना पड़ता है और वे प्रश्नों के डिलीट होने के कारण चयन से वंचित हो जाते हैं। अनेक बार यह देखा गया है कि अधिकतर आयोग परीक्षा आयोजन के बाद संबंधित परीक्षा की प्रोविजनल आंसर की जारी करते हैं और इसके बाद अभ्यर्थियों से आपत्तियां भी ली जाती हैं। आपत्तियां लेने के बाद कुछ समय बाद फाइनल आंसर-की जारी की जाती है, लेकिन आजकल फाइनल आंसर-की जारी करने से पहले ही नियुक्तियां तक दे दी जाती हैं, जबकि होना तो यह चाहिए कि नियुक्तियां देने से पहले ही फाइनल आंसर-की को जारी किया जाना चाहिए, ताकि अभ्यर्थियों को परीक्षा विशेष की आंसर-की से आत्मिक संतुष्टि मिल सके। नियुक्तियां देने के बाद किसी परीक्षा विशेष के अंक जारी करना व फाइनल आंसर-की जारी करना अभ्यर्थियों के लिहाज से ठीक व जायज नहीं ठहराया जा सकता है, क्यों कि इससे वे अपने द्वारा दी गई परीक्षा का सही से आंकलन नहीं कर पाते हैं। आयोग द्वारा पहले परिणाम जारी करना और फाइनल आंसर-की बाद में जारी करना क्या ठीक कहा जा सकता है ? जानकारी देना चाहूंगा कि पिछले साल यानी कि वर्ष 2023 के दौरान अगस्त महीने में परीक्षा परिणाम जारी किए गए थे और अब जनवरी 2024 के अंतिम सप्ताह में अभ्यर्थियों को उनके अंक दिखाये गये हैं। आज हर तरफ प्रतिस्पर्धा का एक कठिन दौर है और अभ्यर्थियों को परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए बहुत अधिक मेहनत करनी पड़ती है। कोचिंग का भी सहारा लेना पड़ता है। धन भी खर्च होता है । एक एक अंक का बहुत महत्व रहता है लेकिन क्वेश्चन डिलीट होने से अभ्यर्थियों को नुक्सान उठाना पड़ता है। प्रतिस्पर्धा के इस कठिन युग में आयोग द्वारा 15 से 17 क्वेश्चन को डिलीट करना बहुत बड़ी बात है। ऐसी परिस्थितियों में अभ्यर्थियों के पास कोर्ट में जाने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचता है। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा जो फाइनल आंसर-की जारी की गई है उसमें हिंदी के 16, कैमेस्ट्री के 17,उर्दू के 11 तथा इतिहास व संस्कृत के आठ-आठ प्रश्न डिलीट किए गए हैं। पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन सब्जेक्ट को छोड़कर कमोबेश अधिकतर सब्जेक्ट्स में प्रश्नों को डिलीट किया गया है। वर्तमान में अभ्यर्थी फाइनल आंसर-की से संतुष्ट नहीं है और वे कोर्ट जाने की तैयारी कर रहे हैं, क्यों कि आयोग द्वारा पहले आंसर-की जारी करके अभ्यर्थियों से आपत्तियां मांगी गई थी और इनमें से कुछ आपत्तियों को तो मान लिया गया जबकि अन्य को आयोग द्वारा नहीं माना गया, इससे अभ्यर्थियों को नुक्सान हुआ है। यह बहुत ही गंभीर व संवेदनशील विषय है कि सब्जेक्ट एक्सपर्ट कमेटी बहुत बार सही प्रश्नों को भी, जिनके प्रमाण उपलब्ध होते हैं,को भी डिलीट कर देती है और इससे अभ्यर्थियों को बहुत नुक्सान उठाना पड़ता है। नियुक्तियां देने के बाद कोई भी आयोग अभ्यर्थियों द्वारा प्रश्नों पर उठाई गई आपत्तियों को मानने के लिए तैयार नहीं होता, क्यों कि इससे संबंधित आयोग को दुबारा से रिजल्ट जारी करने की प्रक्रिया से गुजरना पड़ सकता है। नियुक्तियां तक देनी पड़ सकती हैं।

अभ्यर्थी फाइनल आंसर-की जारी होने के बाद माननीय न्यायालय में याचिकाओं पर याचिकाएं दायर करते हैं और इससे उनका कीमती समय और धन दोनों ही बर्बाद होते हैं। ऐसे में किसी भी परीक्षा को आयोजित करवाने वाली संस्था/बाडी/आयोग को यह चाहिए कि वह ऐसे प्रश्नपत्रों का निर्माण करें, जिससे विवादों की स्थितियां पैदा ही न होने पाएं। आपत्तियों के लिए भी अनेक बार यह देखा गया है कि एक एक प्रश्न के लिए हजार हजार रुपए की धनराशि मांगी जाती है,जो कि किसी बेरोजगार व गरीब अभ्यर्थी के लिए चुकाना बहुत बड़ी बात होती है। यदि कोई अभ्यर्थी आठ या दस प्रश्नों पर आपत्ति लगाना चाहता है तो ऐसी स्थिति में उसे आठ अथवा दस हजार रुपए सिर्फ और सिर्फ आपत्तियां लगाने के लिए भुगतान करना होता है,जो कि बेरोज़गार अभ्यर्थी के लिए बहुत मुश्किल होता है। यह विडंबना ही है कि आयोग, संस्था आदि डेढ़ दो या अधिकतम तीन घंटे के पेपर को भी ठीक से नहीं बना पाती है, जिस पर हजारों लाखों अभ्यर्थियों का भविष्य टिका होता है। तात्पर्य यह है कि यदि किसी परीक्षा में सौ प्रश्न होते हैं तो उनमें से आठ दस प्रश्नों के उत्तर या तो ग़लत होते हैं अथवा उनके एक या एक से अधिक आप्शन सही होते हैं और उन प्रश्नों को बाद में डिलीट कर दिया जाता है। बहुत बार तो यहां तक देखा गया है कि सही प्रश्नों तक को(जिनके प्रमाण यूनिवर्सल बुक्स, एनसीईआरटी, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, हिंदी ग्रंथ अकादमी या नामी गिरामी राइटर की किताबों में उपलब्ध होते हैं) भी सब्जेक्ट एक्सपर्ट कमेटी द्वारा ग़लत करार दे दिया जाता है और अभ्यर्थी मुंह मसोसकर रह जाते हैं। कोई भी अभ्यर्थी किसी भी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए दिन रात हाड़ तोड़ मेहनत करता है और जीवन में सफल होने के सपने देखता है लेकिन परीक्षा आयोजित करवाने वाली बाडी, संस्था की गलतियों की वजह से वह निराश और हताश हो जाता है। क्या हमारे देश में ऐसा सिस्टम नहीं बनाया जा सकता है कि किसी भी परीक्षा में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटी या गलती न रहे ? यह बहुत ही संवेदनशील और गंभीर है कि एक ही प्रश्न पत्र में इतनी अधिक संख्या में प्रश्नों को डिलीट कर दिया जाता है। प्रश्नों के डिलीट होने से बहुत बार प्रतिभाशाली छात्र चयन से वंचित रह जाते हैं और इस बार भी ऐसा हुआ है। एक प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक ने यह लिखा है कि %यदि डिलीट होने वाले प्रश्न संबंधित प्रश्न पत्र में अत्यंत कठिन समझे जाने वाले प्रश्नों में शामिल होते हैं तो फिर प्रतियोगिता परीक्षा में मेहनत नहीं, किस्मत का खेल हो जाता है। सच तो यह है कि राजस्थान में सरकारी नौकरियों में भर्ती के सिस्टम का हाल बेहाल रहा है। सिस्टम की इस ख़ामी का खामियाजा राजस्थान के लाखों बेरोज़गार भुगतते रहे हैं। यह बहुत बड़ी बात है कि बीते 12 साल 11 बड़ी परीक्षाओं के पेपर आउट हुए है। कई भर्तियां ऐसी रहीं हैं, जो पेपर आउट की वजह से विवादों में रहीं । यदि यहां यह बात कही जाये कि पेपर लीक होने के मामले में राजस्थान अन्य राज्यों से आगे निकल गया है, तो यह ग़लत नहीं होगा। यहां तक कि त्रुटि-रहित भर्तियां न करने पर कुछ समय पहले माननीय हाईकोर्ट ने भी सरकार पर तल्ख टिप्पणी की थी। कभी रीट पेपर लीक को लेकर तो कभी किसी अन्य पेपर लीक को लेकर ईडी तक को कार्रवाई करनी पड़ती है। प्रिंटिंग प्रेस से लेकर परीक्षा केंद्र तक नकल , पेपर चोरी के मामले सामने आते हैं। सरकारों को एस आई टी का गठन करना पड़ता है। परीक्षा प्रणाली कोई भी हो, कहीं भी हो, बिल्कुल निष्पक्ष और सही होनी चाहिए, क्यों कि यह अभ्यर्थियों के भविष्य से जुड़ी होती हैं। परीक्षाओं में धांधली, गड़बड़ी होना अभ्यर्थियों के हितों पर सीधा कुठाराघात है। फ्रीलांस राइटर कालमिस्ट व युवा

# राष्ट्र जागरण के लिए गायत्री परिवार ने निकाली विशाल शोभायात्रा

## हजारों की संख्या में महिलाएं सिर पर कलश रखकर नंगे पांव चलीं, दंतेवाड़ा में 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आगाज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 3 फरवरी।** माई दंतेश्वरी की नगरी दंतेवाड़ा में पहली बार गायत्री परिवार एवं यज्ञ आयोजन समिति द्वारा 108 कुण्डीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसकी शुरूआत शुक्रवार 02 फरवरी से हो गई है जो आगामी 05 फरवरी तक चलेगा। कार्यक्रम के पहले दिन नगर में गायत्री शक्तिपीठ परिवार से जुड़े हजारों जातकों की उपस्थिति में विशाल शोभा कलशयात्रा निकाली गई।

दंतेवाड़ा नगर में युग तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में सुसंस्कार की परंपरा को स्थापित करने तथा राष्ट्र के उत्थान के लिए चार दिवसीय 108 कुण्डीय महायज्ञ कार्यक्रम (02 फरवरी से 05 फरवरी तक) नगर के हाईस्कूल मैदान में किया जा रहा है। इस महायज्ञ में सभी जाति, धर्म, संप्रदाय के श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है। इस चार दिवसीय कार्यक्रम में अलग अलग तिथियों में अलग अलग कार्यक्रम संपन्न होंगी। शुक्रवार 02 फरवरी को कार्यक्रम के पहले दिन सायं 3 बजे कार्यक्रम स्थल हाईस्कूल मैदान से गायत्री परिवार के हजारों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में विशाल भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में ग्रामीण इलाकों से हजारों की संख्या में गायत्री परिवार से जुड़े महिला, पुरूष एवं बच्चे पहुंचे थे। नगर से भी बड़ी तादात में भक्त शोभायात्रा में शामिल रहे। शोभायात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए आंवराभाटा परदेशी हॉटल चौक तक गई और वहां से वापस दंतेवाड़ा की ओर मुड़ गई। गायत्री मंदिर चौक से होते हुए यात्रा शाम 5 बजे हाईस्कूल मैदान पहुंची जहां शोभायात्रा का समापन हुआ। बता दें कि इस विशाल एवं भव्य शोभायात्रा में हम बदलेंगे, युग बदलेगा, हम सुधरेंगे युग सुधरेगा एवं नशा, मदिरा पान-लेती है इंसान की जान, का संदेश महिलाएं जनजन को पहुंचा रही थी। शोभायात्रा में महिलाएं जहां पीली साड़ी पहनी थी तो वहीं पुरूष प्रधान पीले कुर्ते एवं पीली धोती वस्त्र धारण किए हुए थे। गायत्री परिवार द्वारा निकाली गई शोभायात्रा में आदिवासी गंवर नृत्य पार्टी की टीम भी सबसे प्रथम खण्ड में अपने नृत्य का प्रदर्शन कर रही थी वहीं उसके पीछे दो व्यक्ति हाथों में विशाल युग मशाल का प्रतीत हाथों में लिए हुए थे। पीछे माईजी की डोली के प्रतिक के तौर पर सुंदर आकर्षक हुबहु डोली बनाकर कंधों में उठाए भक्त चल रहे थे। पीछे पीछे लंबी कतारों में महिलाएं सिर पर पीले रंग की कलश रखकर नंगे पांव शोभायात्रा में चल रही थी। बच्चे भी राम, हनुमान, सीता एवं दुर्गा माता के रूप धारण किए हुए पूरे शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र बने हुए थे। रास्ते में एवं चौक चौराहों पर मोहल्ले की महिलाएं शोभायात्रा में चल रही महिलाओं पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत व वंदन कर रही थी। कुछ जगहों पर लोग एकत्र होकर शोभायात्रा में शामिल लोगों को पानी पीला रहे थे। शोभायात्रा का ऐसा भव्य नजारा आज से पहले नगर में कभी नहीं देखा गया था। इतनी विशाल एवं भव्य शोभायात्रा को जिसने भी देखा देखता ही रह गया। भव्य आयोजन के लिए लोगों ने गायत्री परिवार एवं यज्ञ आयोजन समिति की जमकर प्रशंसा की। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर शनिवार सुबह 6 बजे देव पूजन तथा 9 बजे 108 कुण्डीय महायज्ञ किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुगण शामिल हुए। दोपहर 2 बजे संगठनात्मक स्वरूप को लेकर कार्यकर्ता गोष्ठी का आयोजन होगा तो वहीं सायं 6 बजे से नारियों जागो स्वयं को पहचानो (गीत, संगीत, प्रवचन) की मनलुभावन प्रस्तुति होगी।

एक नजर

### बजट से युवाओं को मिलेगा स्वर्णिम अवसर: गोलू सूर्यवंशी

**राजनांदगांव 3 फरवरी।** मोदी सरकार द्वारा संसद में प्रस्तुत अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये जिला भारतीय जनता युवा मोर्चा के महामंत्री गोलू सूर्यवंशी ने कहा कि यह बजट मोदी गारंटी के अनुरूप है। देश के 4 प्रमुख वर्गो युवा, महिला, गरीब और किसान को ध्यान में रखकर बनाया बजट है। रक्षा के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बजट में उल्लेखनीय रूप से 6.02 लाख करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह सड़क परिवहन के लिये 2.78 लाख करोड़ रूपये का आबंटन किया गया है, जिससे रोजगार के नये अवसर प्राप्त होंगे। इसी प्रकार रेल मंत्रालय को बजट में 2.55 लाख करोड़ रूपये आबंटित किया गया है, जिससे भी रोजगार के अवसर पैदा होंगे। युवा मोर्चा के नेता ने बजट को महत्वकांक्षी बताते हुये कहा कि इस बजट से भारत की भावी दिशा निर्धारित हो रही है, अमृतकाल के इस बजट से भारत स्वर्णिम युग में प्रवेश करेगा।

### न्युवोको विस्टास ने मेडचल में मौजूदगी का विस्तार किया

**रायपुर 3 फरवरी।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत का पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह, ने तेजी से प्रगति कर रहे हैदराबाद में अपने बिल्कुल नए रेडी-मिक्स कंक्रीट प्लांट के उद्घाटन के साथ इस महानगर में अपनी मौजूदगी का विस्तार किया है। इस नए प्लांट के साथ ही न्युवोको विस्टास क्वालिटी और कार्यकुशलता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाने में सफल रहा है। नया प्लांट क्षेत्र में 5वां है और मेडचल में काफी महत्वपूर्ण लोकेशन पर स्थित है, जो निर्माण सामग्री के लिए क्षेत्र की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करने के लिए न्युवोको की क्षमताओं का विस्तार करता है। मेडचल प्लांट की स्थापना करके, कंपनी अपनी मार्केट-लीडर की स्थिति को मजबूत करती है। नया प्लांट मियापुर और जीडीमेटला में स्थित इसकी मौजूदा सुविधाओं का विस्तार करता है, जो 35 किमी के भीतर हैं। वहीं दो अन्य प्लांट उप्पल और पटेंचेरु, में हैं जो कि 40 से 60 किमी के दायरे में आते हैं। इंडस्ट्रियल, कमर्शियल और हाउसिंग डेवलपमेंट्स के करीब, मेडचल ग्रोथ की काफी अधिक संभावनाएं प्रदान करता है। प्लांट की रणनीतिक लोकेशन इंस्टेंट मार्केट एक्सेस सुनिश्चित करता है, जिससे ट्रैफिक की मुश्किलें कम होती हैं और ऑपरेशनल एक्सीलेंस के लिए न्युवोको की प्रतिबद्धता पूरी होती है। यह अत्याधुनिक प्लांट ग्राहकों की व्यापक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पूरी तरह से सुसज्जित और सक्षम है।

# लक्ष्मण और पार्थ की धुआंधार बल्लेबाजी के साथ विप्र प्रीमियर लीग का शुभारंभ

**रायपुर 3 फरवरी।** छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति एवं विप्र महाविद्यालय प्रबंध समिति के सहयोग से छत्तीसगढ़ी युवा विप्र संगठन द्वारा आयोजित विप्र प्रीमियर लीग 6 का उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि अनुज शर्मा (विधायक धरसीवा), विशिष्ट अतिथि मीनल चौबे (नेता प्रतिपक्ष नगर निगम रायपुर ),सरिता आकाश दुबे (पार्षद ब्राह्मण पर वार्ड ),ज्ञानेश शर्मा (अध्यक्ष छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन), अविनाश शुक्ला, नटराज शर्मा ,संजय दीवान, डॉ. ध्रुव पांडे, उमाकांत शर्मा ,राजेंद्र तिवारी ,अशोक दीवान एवं विप्र शक्ति महिला संगठन के अध्यक्ष प्रीति शुक्ला के गरिमामय उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। वीपीएल 6 के उद्घाटन समारोह के बाद पहला मैच का कसडोल इलेवन एवं प्रहार इलेवन के बीच खेला गया। कस्टमर ने पहले बैटिंग करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 70 रन बनाएं। गौरव शर्मा ने चार चक्के की सहायता से 11 गेंद में 27 रन बनाए। जवाब में प्रहार की टीम 9 विकेट के नुकसान पर मात्र 48 रन ही बना पाई। मैन ऑफ द मैच गौरव शर्मा ने धुआंधार बल्लेबाजी के बाद घातक गेंदबाजी करते हुए पांच रन देकर दो विकेट लिए। इस तरह उद्घाटन मैच कसडोल ने 22 रन से जीत लिया। दूसरे मैच में महाकाल इलेवन ने गजानंद इलेवन को 43 रन से पराजित किया। महाकाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए लक्ष्मण के पांच चौकी और 7 छक्के की सहायता से28 गेंद में 71 रन एवं पार्थ दीवान के एक चौके और छह छक्के की सहायता से 13 गेंद में 42 रन के बदौलत तीन विकेट के नुकसान पर 116 रन बनाएं। जवाब में गजानन की टीम 7 विकेट के नुकसान पर मात्र 73 रन बना पाई ।मैन ऑफ द मैच पार्थ दीवान ने बल्लेबाजी में रंग जमाने के बाद शानदार गेंदबाजी करते हुए दो ओवर में 10 रन देकर तीन विकेट लिए। प्रथम दिवस के तीसरे और अंतिम मैच में बागी इलेवन पहले बैटिंग करते हुए 9 विकेट के नुकसान पर मात्र 35 रन ही बना पाई। महाराजा इलेवन के मैन ऑफ़ द मैच कृष्ण कुमार पांडे ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दो रन देकर दो विकेट लिए। विकास दुबे ने भी 6 रन देकर दो विकेट लिए। जवाब में महाराज इलेवन ने बिना विकेट को 36 रन बनाकर मैच 10 विकेट से जीत लिया।बिट्टू शर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 10 गेंद में दो चौके और दो छक्के की सहायता से 27 रन बनाएं। वीपीएल 6 के आयोजन में छत्तीसगढ़ी युवा विप्र संगठन के अध्यक्ष सौरभ शर्मा ,अमित दीवान, सुयश शर्मा, सौमित्र मिश्रा, हर्षित शर्मा, हिमांशु शर्मा, शलभ शर्मा, सागर मिश्रा, मयंक दीवान एवं विमल मिश्रा सहित समस्त सदस्यों ने सहयोग किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### शिखर सम्मेलन 22 से 26 तक

रायपुर 3 फरवरी। इंडियावुड 2024ः वुडवर्किंग और फर्नीचर उत्पादन प्रौद्योगिकी हेतु एक वैश्विक शिखर सम्मेलन 22-26 फरवरी, 2024 तक, इंडियावुड का 13वां संस्करण बैंगलोर अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी केंद्र, बेंगलुरू में व्यापक रूप से लकड़ी और फर्नीचर उत्पादन प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करेगा। 75,000 वर्गमीटर तक फैले प्रदर्शनी क्षेत्र के इस कार्यक्रम में 50 से अधिक देशों की 950 से अधिक कंपनियां और 75,000 से अधिक व?यापार आगंतुक भाग लेंगे। यह कार्यक्रम नवीनतम नवाचारों और प्रौद्योगिकी की झलक पेश करने के साथ अद्वितीय नेटवर्किंग का अवसर प्रदान करेगा।

समाचार संक्षेप

### जिले के 20 मतदान केन्द्रों की शिफ्टिंग की जाएगी



**उत्तर बस्तर कांकेर, 3 फरवरी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा आम निर्वाचन-2024 को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह और एसपी श्री दिव्यांग पटेल ने आज शाम को राजनीतिक दलों की बैठक लेकर जिले के संवेदनशील क्षेत्रों में स्थित मतदान केंद्रों की सुरक्षा कारणों से अन्यत्र शिफ्टिंग की जानकारी दी। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन के दौरान विधानसभा क्षेत्र अंतागढ़-79 के 20 पहुंचविहीन एवं सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील मतदान केन्द्रों की शिफ्टिंग की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि इसी क्षेत्र में 09 दुर्गम एवं पहुंचविहीन मतदान केन्द्रों में मतदान दलों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से परिवहन किया जाने का प्रस्ताव है। इसके अलावा यह भी बताया कि आयोग के निर्देशानुसार आगामी 05 फरवरी से 14 फरवरी तक ईव्हीएम मशीनों का एफएलसी (फर्स्ट लेवल चेकिंग) शासकीय पॉलिटेक्निक भवन नाथियानवागांव में किया जाएगा। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अशोक मारबल, एसडीएम कांकेर श्री मनीष साहू, डीएसपी सुश्री नुपूर उपाध्याय सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### कोतकुड़ के किसानों की मांग हुई पूरी, धान के परिवहन की समस्या से मिली निजात

**उत्तर बस्तर कांकेर, 3 फरवरी।** किसानों की सुविधा को दृष्टिगत करते हुए राज्य सरकार ने धान उपार्जन केन्द्र को एक स्थान से दूसरी जगह स्थित केन्द्र में स्थानांतरित करने की सुविधा दी है। ऐसे ही जिले के वनांचल क्षेत्र में स्थित अंतागढ़ तहसील के ग्राम कोतकुड़ के किसानों की मांग पूरी हुई है, जिससे उन्हें धान के परिवहन की बड़ी समस्या से निजात मिली है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि कोतकुड़ ग्राम के सभी कृषकों का आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित आमाबेड़ा के धान उपार्जन केन्द्र मातला 'ब' में पंजीयन कराया गया था। धान उपार्जन केन्द्र मातला 'ब' से ग्राम पंचायत कोतकुड़ की दूरी 45 किलोमीटर होने के कारण नजदीक के धान उपार्जन केन्द्र आमाबेड़ा में संलग्न करने की मांग किसानों के द्वारा की जा रही थी, जिसकी यहां से दूरी मात्र 05 किलोमीटर है। उन्होंने बताया कि किसानों का धान उपार्जन केन्द्र आमाबेड़ा में विक्रय करने की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह द्वारा त्वरित संज्ञान में लेते हुए सक्षम उच्चाधिकारियों से तत्संबंध में पत्राचार कर किसानों की समस्याओं से अवगत कराया। उक्त मांग को शासन ने गम्भीरता से लेते हुए ग्राम कोतकुड़ के सभी कृषकों का पंजीयन धान उपार्जन केन्द्र मातला 'ब' से धान उपार्जन केन्द्र आमाबेड़ा में स्थानांतरित करवाया गया। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित आमाबेड़ा के समिति प्रबंधक एवं कर्मचारियों द्वारा ग्राम कोतकुड़ के कृषकों को सूचित किया गया। साथ ही 30 जनवरी तथा 01 फरवरी को सभी कृषकों से सुगमतापूर्वक धान उपार्जन केन्द्र आमाबेड़ा में टोकन जारी कर 43.60 हेक्टेयर रकबा में 734.40 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। शासन द्वारा की गई उक्त नवीन व्यवस्था से ग्राम कोतकुड़ के किसान बेहद खुश हैं। धान के परिवहन के लिए ग्राम मातला ब से आमाबेड़ा में स्थानांतरित करने, यानी 45 किलोमीटर की दूरी को 05 किलोमीटर में समेटने के लिए यहां के किसानों ने छत्तीसगढ़ शासन एवं जिला प्रशासन प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही समिति के कर्मचारियों एवं हमालों को भी धन्यवाद दिया है।

### इग्नू में जनवरी 2024 सत्र के लिए 15 फरवरी तक होगा नवीन प्रवेश एवं पुनः पंजीकरण

**जगदलपुर, 3 फरवरी।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) द्वारा जनवरी 2024 सत्र के लिए ओडीएल तथा ऑनलाइन मोड में नए प्रवेश में नामांकन एवं पुनः पंजीकरण (री-रजिस्ट्रेशन)हेतु बिना विलम्ब शुल्क के साथ 15 फरवरी 2024 तक नियत किया गया है। नामांकन के लिए स्नातक, स्नातकोत्तर व पीजी डिप्लोमा एवं छः माह के सर्टिफिकेट कार्यक्रम भी उपलब्ध है, जिसके लिए निर्देशन वेबसाइट पर उपलब्ध है, इच्छुक शिक्षार्थी अध्ययन केन्द्र में उपलब्धता के आधार पर विषय का चुनाव कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए अध्ययन केन्द्र 1509 शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं। शिक्षार्थियों को मुद्रित सामग्री न लेने पर कार्यकम शुल्क में 15 प्रतिशत की छूट दी गई है जो ऑनलाइन सामग्री के आधार पर पढ़ाई कर सकेंगे। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों के लिए बीए,बीकाम एवं बीएससी (सभी सामान्य) में निःशुल्क नामांकन का प्रावधान है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अद्यतन अधिसूचना के अनुसार डिग्री स्तर के दो कार्यकम एक साथ किये जा सकते हैं। इसके अनुसार परंपरागत शिक्षा संस्था में डिग्री स्तर में नामांकित छात्र अब साथ-साथ दूरस्थ संस्थान में डिग्री की पढाई कर सकते हैं। इच्छुक आवेदक ओडीएल या ऑनलाईन मोड में नए प्रवेश के लिए पोर्टल पर जाकर इग्नू के लिंक में ओडीएल मोड https:ignouadmission.samarth.edu.in पर नए प्रवेश हेतु नामांकन एवं वेबसाइट onlinerr.ignou.ac.in पर पुनःपंजीकरण कर सकते हैं।

# पूर्ववर्ती सरकार की योजनाओं को दुर्भावनापूर्वक बंद कर रही है सरकार

■ **बेरोजगारी भत्ता छीन लिए, किसान न्याय योजना की चौथी किस्त हड़प लिए और अब राजीव युवा मितान क्लब बंद**



**रायपुर 3 फरवरी।** राजीव गांधी युवा मितान क्लब योजना बंद करने के भाजपा नेताओं के बयान पर पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि पूर्वाग्रह से ग्रसित भाजपा के नेताओं का यह युवा विरोधी चरित्र है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार का छत्तीसगढ़ के युवाओं की ऊर्जा को दिशा देने और रचनात्मक प्रयोग का यह क्रांतिकारी कार्यक्रम है। पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, साफ़ सफ़ाई, नशाबंदी अभियान, खेल, संस्कृति, छत्तीसगढ़िया ओलंपिक जैसे सामाजिक, सांस्कृतिक और खेलकूद गतिविधियों के प्रोत्साहन में महत्वपूर्ण भूमिका राजीव युवा मितान क्लब के युवाओं की रही है। जन सरोकार और युवाओं के हित में संचालित इस महत्वपूर्ण योजना को दुर्भावना पूर्वक बंद किया जा रहा। योजना में यदि कुछ खामी है, तो उसे बेहतर करने का विकल्प उनके पास है, लेकीन सीधे तौर पर योजना को ही बंद करना बेहद निंदनीय है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी का चरित्र मूलतः युवा विरोधी है। पूर्ववर्ती सरकार ने बेरोजगारी भत्ते का बजट प्रावधान 31 मार्च 2024 तक के लिए पहले ही सुनिश्चित कर दिया था लेकिन दुर्भावना पूर्वक बेरोजगारी भत्ता की राशि भी नवंबर माह से छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवाओं को मिलना बंद हो गया है। इसी तरह किसान न्याय योजना की चौथी किसका बजट प्रावधान भी पूर्ववर्ती सरकार ने किया है लेकिन साय सरकार की नियत किसानों को किसान न्याय योजना की चौथी किस्त देने की नहीं लग रही है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार अपनी योजनाएं तो लागू नहीं कर पा रही है, महतारी वंदन योजना अब तक केवल कागजों में है, चुनावी जुमलें में सभी विवाहितों को देने का वादा था, अब 21 से 60 वर्ष के विवाहितों का क्राइटेरिया? 3100 धान का समर्थन मूल्य एक मुश्त देने का वादा भी केवल वादे तक सीमित है। भाजपाई बताये कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं को बंद करके भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ की जनता से आख़िर किस बात का बदला ले रही है?

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के युवाओं की प्रतिभाओं को तरासने और उन्हें संगठित करते हुए उपयुक्त मंच प्रदान करने प्रदेश में 13 हजार से अधिक राजीव युवा मितान क्लब संचालित हैं, जिनका पंजीयन सोसाइटी एक्ट के तहत किया गया है। चालू वित्त वर्ष के लिए 31 मार्च 2024 तक के फंड की व्यवस्था पूर्ववर्ती सरकार के बजट प्रावधान में है। फंड की ऑडिट और कार्य की मॉनिटरिंग मुख्य सचिव स्तर से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक पारदर्शी व्यवस्था बनाई गई है, लेकिन साय सरकार अब दुर्भावना पूर्वक इस महत्वपूर्ण योजना को बंद कर रही है। भाजपा सरकार के इस युवा विरोधी निर्णय का जवाब छत्तीसगढ़ के युवा आने वाले लोकसभा चुनाव में देंगे।

# जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित करने शिविर हेतु कलेक्टर ने दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 3 फरवरी।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को शत्-प्रतिशत लाभांवित करने हेतु शुक्रवार को कलेक्टर श्री हरिस.एस की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर ने हितग्राहियों को लाभान्वित करने शिविर सहित डोर-टू-डोर सर्वे करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिलेवासियों को शिविर के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित करने 07 फरवरी 2024 से ही विभिन्न ग्रामों में शिविर का आयोजन शुरू किया जायेगा। शिविर 20 फरवरी 2024 तक शिविरों के माध्यमों से शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु आवेदन लिया जायेगा। कलेक्टर ने शिविर हेतु कार्योजना तैयार करने के साथ ही 07 फरवरी से शुरू होने वाले शिविरों के लिए आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिविरों में प्राप्त आवेदनों को यथा शीघ्र ही सम्बंधित पोर्टल में एंट्री करने के निर्देश दिए। उन्होंने सम्बन्धित आधिकारी और कर्मचारियों को इस शिविर को प्राथमिकता देकर उपस्थित होना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री देवनारायण कश्यप, संयुक्त कलेक्टर श्री दुलीचंद बंजारे, सभी एसडीएम सहित अन्य अधिकारी एवम् कर्मचारीगण उपस्थित थे।



### जेसीआई सेनेटर श्रीकांत पारख राष्ट्रीय समन्वयक नियुक्ति

**रायपुर 3 फरवरी।** जेसीआई ने वर्ष 2024 के लिए रायपुर कैपिटल के पूर्व अध्यक्ष और मंडल 9 में विविध पदों पर सेवाएं देने वाले जेसीआई सेनेटर श्रीकांत पारख जी को राष्ट्रीय समन्वयक के रूप में मनोनीत किया है। जेसीआई सेनेटर श्रीकांत पारख जी को उनके कार्य प्रणाली, सहभागिता और कार्य कुशलता को देखते हुए यह महत्वपूर्ण पद सौंपा गया है।



जेसीआई ने इस घोषणा करते हुए खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि श्रीकांत पारख जी का अनुभव और नेतृत्व जेसीआई को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जेसीआई रायपुर कैपिटल के सदस्यों ने भी श्रीकांत पारख जी को उनकी नई भूमिका के लिए बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की है। जेसीआई सेनेटर श्रीकांत पारख ने इस अवसर पर कहा कि वे जेसीआई के राष्ट्रीय समन्वयक के रूप में अपने दायित्वों का पूर्ण रूप से पालन करेंगे और संस्था के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए सदस्यों के साथ मिलकर काम करेंगे। उनके कार्यकाल के लिए कुछ प्रमुख शुभकामनाएं- जेसीआई सीनेटर राजेश अग्रवाल जी, जेसीआई जोन 9 के पूर्व मंडल अध्यक्ष जेसीआई सीनेटर अमिताभ दुबे, आईपीजेडपी और एबीएम जेसीआई सेन आकाश सुंदरानी, जेसी अमित खरे , अध्यक्ष जेसी सीनेटर नरेंद्र सिन्हा, सचिव जेसी कौशिक परमार, जेसी विनीत गोहिल और जेसी सुधीर अग्रवाल, जेसी रवि सिन्हा जेसी तुलसी पटेल, आईपीपी जेसीसीए विक्रम गिरडकर, महिला जीसी चेयरपर्सन जेसी टीना ढाबरे, जेडडी बिजनेस जेसीआई सेन निशित गोहिल यह जानकारी संस्था के मीडिया प्रभारी जेसी नोहर साहू द्वारा दी गई।

# सत्य की खोज के लिए वेदों की ओर लौटना पड़ेगा

## जीवात्मा को उसके कर्म के अनुसार ही दूसरा जीवन मिलता हैः स्वामी परिवाज्रक

**रायपुर 3 फरवरी।** सत्य की खोज के लिए वेदों की ओर लौटना पड़ेगा,सनातन धर्म का मूल वेद ही है और वेद सत्य ज्ञान का पुस्तक है। वृंदावन हॉल में आयोजित आध्यात्मिक चर्चा सत्य की खोज कार्यक्रम का संचालन करते हुए राकेश दुबे ने ने उक्त बातें कही। मुख्य वक्ता स्वामी विवेकानन्द परिव्राजक ने कहा कि ईश्वर एक है और जीवात्मा को उसके कर्म के अनुसार ही दूसरा जीवन मिलता है।



श्री परिवाज्रक ने कहा कि द्वैत कर्मफल व्यवस्था, ईश्वर और भगवान में अंतर ईश्वर एक है भगवान कई हो सकते हैं। जिसके पास धन है वह धनवान जिनके पास बल है वह बलवान, जिनके पास भाग है वह भागवान। मनुष्य जन्म प्राप्त करने के लिए 84 लाख योनि में भटकने की आवश्यकता नहीं है यह भ्रम है। जिसके जैसे कर्म है उसके अनुसार यदि अच्छे हैं तो अगला जन्म पुन~ मनुष्य का मिल सकता है. जो सत्ता सर्वशक्तिमान है सर्व व्यापक है उसका कोई रूप नहीं हो सकता. आत्मा और परमात्मा दोनों चेतन सत्ताएं हैं और प्रकृति जड़ है। किसी भी प्रकार की दुर्घटना कर्म फल नहीं है और कोई भी कर्म फल दुर्घटना नहीं है न्यायाधीश के द्वारा पूरा मूल्यांकन करने के पश्चात कर्म फल सुनिश्चित किया जाता है। संसार में कुछ लोग आलसी देखे जाते हैं, और कुछ पुरुषार्थी। जो लोग आलसी होते हैं वे परिवार समाज और देश में अव्यवस्थाओं को देखकर सदा दोष ही निकालते रहते हैं और कहते रहते हैं कि देश में ऐसा होना चाहिए समाज में ऐसा होना चाहिए। परन्तु करते-धरते कुछ नहीं। यह आलसी लोगों का लक्षण है। परंतु कुछ लोग पुरुषार्थी होते हैं। वे भी परिवार समाज और देश की स्थिति को देखते हैं। वे इस प्रकार की टीका टिप्पणी नहीं करते, वे इस बात को अच्छी प्रकार से समझते हैं और समझ कर वैसी व्यवस्था बनाने के लिए नियम पूर्वक अनुशासन में रहकर पुरुषार्थ करते हैं, और कुछ न कुछ परिवर्तन लाकर दिखाते हैं। वे ही लोग पुरुषार्थी माने जाते हैं।

कार्यक्रम में राजेंद्र अग्रवाल, देवेश एवं श्रीमती देवेश साहू, पोद्दार, पठानिया,नवीन यादव, अमित साहू, मलखंब वर्मा, श्रीराम शर्मा, शीतल पटेल, नंदकुमार आर्य व अन्य साधकगण प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### राजिम माघी पुन्नी मेला का आयोजन 24 फरवरी से 8 मार्च तक

**धमतरी 3 फरवरी।** राजिम माघी पुन्नी मेला का आयोजन आगामी 24 फरवरी माघ पूर्णिमा से 8 मार्च महाशिवरात्रि तक किया जायेगा। इस दौरान राज्यपाल, विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, एवं अन्य मंत्रीगणों की उपस्थिति में उद्घाटन, संत समागम एवं समापन कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके अलावा ग्रामीण एवं पंचायत विकास विभाग, कृषि, उद्यानिकी, पशु चिकित्सा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, श्रम विभाग सहित रोजगार तथा उद्योग विकास केन्द्र के विभागीय स्टॉल भी लगाये जायेंगे। इसके मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने कार्यक्रम के सुचारू रूप से संचालन एवं सतत् निगरानी के लिये अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी श्री जी.आर.मरकाम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही अधिकारियों को दायित्व सौंपा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.के.मण्डल को तात्कालिक चिकित्सा सेवा, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग श्री आर.एल.देव को राजीव लोचन मंदिर परिसर एवं लक्ष्मण झूला के लिये सभी व्यवस्था, कार्यपालन अभियंता विद्युत मंडल कुरूद श्री जी.के.बंजारे को कुलेश्वर मंदिर एवं लोमश ऋषि आश्रम में आवश्यक रोशनी व्यवस्था, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्री आर.के.शुक्ला को पेयजल व्यवस्था, जिला खाद्य अधिकारी श्री बंसत कोर्राम को संत महात्माओं के लिये भोजन निर्माण हेतु कारीगर उपलब्ध कराने का दायित्व सौंपा गया है।

# मुख्यमंत्री ने पुसौर धान खरीदी केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**रायगढ़, 3 फरवरी ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज रायगढ़ जिले के प्रवास के दौरान पुसौर धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने धान बेचने आए किसानों से चर्चा की। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी, श्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव भी इस दौरान साथ रहे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने धान बेचने आए किसानों से चर्चा की। उन्होंने पूछा धान बेचने में कोई तकलीफ तो नही हो रही है। किसान पार्थिव केदार ने बताया कि हाल के कुछ दिनों में हुई बारिश के चलते धान नही बेच पाए थे। लेकिन आपके द्वारा खरीदी की तारीख बढ़ाने के फैसले से हमारी चिंता दूर हो गई। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि किसान हित में शनिवार और रविवार को छुट्टी के दिन भी खरीदी होगी। उन्होंने कहा कि किसानों को अंतर की राशि का जल्द भुगतान कर दिया जाएगा। धान के दो वर्ष का बकाया बोनस जारी करने को लेकर भी किसानों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार जताया। किसानों ने कहा कि एक मुश्त राशि मिलने से आर्थिक राहत मिली है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस दौरान समिति में हो रही खरीदी को देखा और धान बेचने आए दूसरे किसानों से भी चर्चा की। उन्होंने अपने सामने धान का तौल करवाया और मॉइश्चर मीटर से नमी मपवायी। मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों से व्यवस्थित रूप से खरीदी पूर्ण कर ली जाए । उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के संवेदनशील निर्णय से धान खरीदी की अंतिम तारीख 4 तारीख तक बढ़ाई गई है। छत्तीसगढ़ में पहली बार शनिवार और रविवार को अवकाश के दिनों में भी खरीदी होगी। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने इस दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को जिले में हुई धान खरीदी और उठाव के बारे में जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस दौरान उपस्थित रहे।

## एक नजर

### आयुर्वेद कार्यालय में फाईलेरिया नियंत्रण हेतु प्रशिक्षण आयोजित



**रायगढ़, 3 फरवरी ।** जिला आयुर्वेद कार्यालय रायगढ़ में फाईलेरिया प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें आयुष औषधालय, प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में संचालित आयुष केन्द्रों के प्रभारी चिकित्सक शामिल रहे। इस मौके पर नेशनल वेक्टर वार्ड डीसिज कंट्रोल प्रोग्राम के जिला नोडल अधिकारी डॉ.टी.जी.कुलवेदी द्वारा फाईलेरिया रोग के फैलाव इन्क्यूबेशन पीरियेड, फाईलेरिया रोग के प्रकार एवं बचाव हेतु सामूहिक दवा सेवन के बारे में जानकारी दी गई। डॉ.कुलवेदी ने बताया कि फाईलेरिया से बचाव हेतु 10 से 28 फरवरी तक सामूहिक दवा सेवन का विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिसमें 10 से 15 फरवरी तक बुधवार दवा सेवन कराया जाएगा। दवा में डीईसी, एलबेडाजोल, आईवरमेक्टीन की खुराक दी जाती है। स्वास्थ्य कार्यकर्ता के बताए अनुसार दवा का अवश्य सेवन करें। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.मीरा भगत ने चिकित्सकों को कहा कि दैनिक ओपीडी में आने वाले मरीज एवं आसपास के जनसामान्य किसी भी स्थिति में फाईलेरिया के दवा से वंचित न हो। इसके लिए स्वास्थ्य केन्द्र, औषधालय, आंगनबाड़ी केन्द्रों में बनाये गये बुथ में दवा सेवन हेतु जनसामान्य को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करें। प्रशिक्षक ने जिले में फाईलेरिया के पाजीटिव केस के चिकित्सा के साथ ही फाईलेरिया के नियंत्रण हेतु सामाजिक स्तर पर जागरूकता लाने पूरजोर भागीदारी निभाने को कहा।

### गरीब व मध्यम वर्ग को सशक्त और समृद्ध बनाने वाला बजट : रमेश

**महासमुंद।** भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व व्यापारी प्रतिनिधि रमेश साहू ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत अंतरिम बजट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के लक्ष्य को साकार करने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने वाला ऐतिहासिक बजट है। बजट विकसित भारत के चार स्तंभ- युवा, गरीब, महिला और किसान सभी को सशक्त करेगा। ये बजट देश के भविष्य के निर्माण का बजट है। इस बजट में 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब और मध्यम वर्ग को सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। यह बजट इसका प्रबल उदाहरण है। संसद में प्रस्तुत किया यह बजट गरीबों, युवाओं, महिलाओं एवं किसानों की आवश्यकताएं, आकांक्षाएं एवं सबके कल्याण का बजट है। शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर बजट में विशेष प्रावधान है जिसका लाभ नई पीढ़ी को मिलेगा। यह देश में इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने वाला बजट है।साहू ने बजट को प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी के अनुरूप बताते हुए कहा कि पांच वर्ष में दो करोड़ घर, पांच साल तक 80 करोड़ जनता को मुफ्त राशन, घरों को सोलर एनर्जी से रोशन करने की योजना और इलेक्ट्रानिक गाड़ियों को बढ़ावा देना भविष्य के भारत की सोच है। मछुआरों की वित्तीय स्थिति में सुधार गरीबों की चिंता है। युवा, महिला, गरीब और किसानों को केंद्रित कर तैयार किया गया बजट, गरीब और मध्यम वर्ग का विकास करेगा। यह बजट आगामी पूर्णकालिक बजट का प्रतिबिंब है। वहीं, शिक्षा, रेलवे, कृषि, हाउसिंग, रिन्यूएबल एनर्जी आदि क्षेत्र में बजट का प्रावधान कर देश की अर्थ व्यवस्था के बहुंमुखी विकास एवं व्यापक स्थिरता पर बल दिया गया है। साहू ने आगे कहा कि देश में कैंसर से लड़ाई लड़ने 9 से 14 वर्ष की बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर के मुफ्त टीके लगाया जाना प्रधानमंत्री मोदी की देश की महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति बड़ी संवेदनशीलता को दिखाता है। भारतीय रेलवे को पूरी तरह यात्रियों के लिए सुविधाजनक बनाने लगभग 40 हजार डिब्बे वंदे भारत के मानकों की तरह बनाए जाएंगे।

# जिले के दूरस्थ अंचल के 45 पंचायतों के विभिन्न गांवों में सुगमतापूर्वक पहुंचेगा खाद्यान्न



**बीजापुर, 3 फरवरी ।** केन्द्रीयकृत शासकीय उचित मूल्य दुकानें है जो वर्तमान में अतिसंवेदनशील क्षेत्र होने या पहुंचविहिन होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बेस कैंप के आसपास संचालित है तथा उक्त क्षेत्र के हितग्राहियों को वर्तमान में राशन लेने 15 से 20 किलोमीटर की दूरी पैदल तय कर आना पड़ता था। उक्त क्षेत्रवासियों के इसी समस्या को ध्यान में रखते हुऐ जिला प्रशासन बीजापुर ने इन क्षेत्रों के हितग्राहियों को इनके मूल पंचायतों में राशन उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से इन पंचायतों में वैकल्पित व्यवस्था कर ट्रैक्टर के माध्यम से खाद्यान्न परिवहन कर भण्डारण / वितरण कराने का निर्णय लिया है जिसका वहन शासन द्वारा किया जायेगा। इन 45 पंचायतों के 16079 राशनकार्डधारियों को लगभग 5771 क्विंटल खाद्यान्न लगभग 253 ट्रैक्टर ट्रीप के माध्यम से इनके मूल गांव/पंचायतों में उलब्ध कराया जायेगा। जिसकी शुरुआत आज 02 फरवरी 2024 को कलेक्टर बीजापुर के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर गंगालूर क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोंगला, पुसनार एवं बुरजी क्षेत्र के राशनकार्डधारियों के लिए खाद्यान्न उपलब्ध कराकर की गई है। आज इन पंचायतों के राशनकार्डधारियों हेतु 03 ट्रैक्टर के माध्यम से लगभग 170 राशनकार्डधारियों को लगभग 80 क्विंटल खाद्यान्न का वितरण किया गया जिसमें इन क्षेत्रवासियों के राशनकार्डधारियों में काफी हर्ष है तथा वे सभी शासन/प्रशासन का आभार व्यक्त कर रहे है।

### निर्यात बंधु स्कीम अंतर्गत आउटरिच कार्यक्रम का आयोजन 5 फरवरी को

**रायगढ़, 3 फरवरी ।** महानिदेशक, विदेश व्यापार और विकास आयुक्त, मिहानसेज, क्षेत्रीय प्राधिकरण नागपुर, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार, उद्योग संचालनालय छत्तीसगढ़ के निर्देशन में संयुक्त तत्वावधान में निर्यात बंधु स्कीम के अंतर्गत निर्यात आउटरिच कार्यक्रम का आयोजन 5 फरवरी को प्रातः 11 बजे से कार्यालय कलेक्टर रायगढ़ के सभाकक्ष में किया जाएगा। इस कार्यशाला में डीजीएफटी नागपुर, सूक्ष्म-लघु-मध्यम उद्यम विकास कार्यालय रायपुर, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, भारतीय स्टेट बैंक, भारतीय डाक, अमेजन ग्लोबल/इण्डिया मार्ट आदि के द्वारा निर्यात संवर्धन के लिये निर्यात वित्त विकल्पों, कस्टम प्रक्रिया, एमएसएमई ऋण, ई-कॉमर्स और डिजिटल मार्केटिंग सहित विभिन्न तरीकों से जिले के उत्पादों और सेवाओं की व्यापक और वैश्विक पहुंच बनानेके लिये एक मंच प्रदान करने संबंधी जानकारी दी जायेगी।

# समाजसेवी नंदकुमार बनपेला ने करवाया 7000 बच्चों का निःशुल्क इलाज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भखारा, 3 फरवरी।** कटे होंठ फटे तालु बहुत ही आम दोष है जो लाखों बच्चों में पाए जाते है जिसकी सर्जरी के बाद पीड़ित व्यक्ति के चेहरे पर सिर्फ मुस्कान ही नहीं नया जीवन भी मिल सकता है समाजसेवी नंदकुमार बनपेला ने बताया कि वह अब तक लगभग 7000 बच्चों का निःशुल्क इलाज करवा चुके है इस विकृति से पीड़ित व्यक्ति को समाज पूर्व जन्म का अभिशाप मां के या अन्य किसी परिजन के बुरे कर्मो का नतीजा आदि माना जाता है ऐसे लोग इस दिशा में सही एवं सार्थक पहल या जानकारी नहीं होने के कारण समाज से उपेक्षित एवं कुंठित रहते हैं उनके बौद्धिक व मानसिक स्तर सामान्य व्यक्ति की तुलना में अपेक्षाकृत बहुत कम होता है फल स्वरुप यह सब समाज के उन्नत गतिविधियों से परिचित नहीं हो पाते ऐसे व्यक्ति के साथ समाज के सामान्य व्यक्तियों से शादी नहीं हो पाती ऐसे विकसित सैकड़ो लोगों के ऑपरेशन के बाद शादी संपन्न हुई एवं स्कूली बच्चों आज स्वालंबन से जी रहे हैं श्री बनपेला आगे ने बताया कि कटे होंठ फटे तालु पूरी तरह से ठीक किया जा सकता हैं एक साधारण सी शल्य चिकित्सा जिसमें मुश्किल से 1 घंटे का समय लगता है ऐसे व्यक्तियों को सभी वर्गों के लिए विशेष कर छात्र-छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए समाजसेवी नंदकुमार बनपेला विगत 14 वर्षों से प्रयासरत है।वह गांव-गांव शहर व नगरों में जाकर बच्चों को ढूंढ ढूंढ कर उन्हें रायपुर में संस्था के अधिकृत अस्पतालों में ऑपरेशन दवाई भोजन आदि के निःशुल्क व्यवस्था करते हैं। श्री बनपेला के इस सेवा कार्य के लिए उन्हें समाज व सरकार एवं कई समाज सेवी संस्था से दर्जनों सम्मान भी प्राप्त हैं।

# एसडीओ ने कलेक्टर से कहा-15 दिन में घाट बनकर तैयार हो जाएगा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम 3 फरवरी।** गुरुवार को शाम 5ः20 बजे गरियाबंद जिला कलेक्टर दीपक अग्रवाल नवीन मेला मैदान का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे उनके साथ में अधिकारियों की पूरी टीम थी। उन्होंने गिट्टी के बने सड़क को घूम-घूम कर देखा। यह मार्ग चौबेबांधा राजिम परसवानी सड़क से जुड़ा हुआ है जो सामुदायिक भवन से होकर कबीर मंदिर की ओर जाती है। उन्होंने अधिकारियों से कहां पर क्या बनना है इस बात की जानकारी भी लिया। बताया गया कि 15 एकड़ जमीन में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। घाट निर्माण की वस्तु स्थिति को देखने के लिए नदी के तट पर गए। निर्माणाधीन घाट को देखते ही कहा कि सप्ताह भर पहले मैं जब आया था तब भी काम इतने ही दिखे। अभी तक कोई प्रगति नहीं दिख रही है। जल संसाधन विभाग के एसडीओ एसके चंदेल से पूछा कि ठेकेदार कहां है उन्होंने बताया कि वह रायपुर में रहते हैं तब कहा कि इतने कम मजदूरों में काम पूरा नहीं हो पाएगा इनकी संख्या बढ़ाव। कब तक तैयार हो जाएगा पूछने पर एसडीओ ने कहा कि 15 तारीख तक काम पूरे करके दे देंगे। बता देना जरूरी है कि पैरी नदी के तट पर तीन घाट बनाए जा रहे हैं। पहला आरती घाट, दूसरा शाही स्नान घाट तथा तीसरा जनता घाट है। घाट में सिढ़ी बनाई गई है। 60 मीटर लंबी घाट जब बनकर तैयार होंगी। तब भव्यता चार चांद लगाएगी लेकिन अभी तक बनकर तैयार नहीं हुआ है हालांकि चंदेल साहब ने 15 तारीख तक तैयार कर देने की बात कही है। इस मौके पर उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता जितेंद्र राजू सोनकर ने बताया कि पूरा प्रयास हो रहा है इस बार कुंभ कल्प मेला नवीन मेला ग्राउंड में लगाया जाएगा। यहां पर सारी सुविधाएं हैं पुराने ग्राउंड में लगने से ट्रैफिक की बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न हो जाती है शहर के अंदरूनी भागों से होकर राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़कें आगे बढ़ती है छोटी बड़ी गाड़ियां चौबीस घंटे चलती है और मेला भी सड़क पर लगता है। भीड़भाड़ होने के कारण सही समय में लोग पहुंच नहीं पाते हैं यहां तक की बीमार व्यक्ति को अस्पताल पहुंचने में भी बड़ी दिक्कत होती है इस बात को ध्यान में रखते हुए मंत्री बृजमोहन अग्रवाल खुद नवीन मेला ग्राउंड में कुंभ कल्प मेला लगाने के पक्ष में है। 3 तारीख को वह धर्म नगरी राजिम पहुंच रहे हैं उसी दिन फाइनल हो पाएगा कि मेला कहां पर लगना है। राजिम भक्तिन मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू, पार्षद ओमप्रकाश आडिल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, राजिम एसडीएम धनंजय नेताम, पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ, तहसीलदार आरके मेहता, हल्का पटवारी भोई, नगर पंचायत के देव पटेल, होरीलाल साहू मौजूद थे।

नवीन मेला मैदान पहुंचने के पूर्व जिला कलेक्टर दीपक अग्रवाल प्रेम रतन मैरिज पैलेस पहुंचे और वहां 3 फरवरी को धर्मस्व, पर्यटन, संस्कृति एवं धार्मिक न्यास मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के होने वाले बैठक स्थल का निरीक्षण किया किया। बताया गया कि शनिवार को मंत्री बृजमोहन अग्रवाल सेजेस स्कूल के वार्षिक उत्सव, राजीव लोचन कॉलेज के कार्यक्रम में भी सम्मिलित होंगे। इस बैठक में राजिम मेला स्थानीय समिति के सदस्यों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि, मंदिर के ट्रस्टी एवं पदाधिकारी भी शामिल होंगे। साथ ही गरियाबंद जिले के अधिकारियों सहित रायपुर, धमतरी एवं महासमुंद जिले के वरिष्ठ अधिकारीगण भी सम्मिलित होंगे। उक्त बैठक में राजिम मेला से संबंधित तैयारी के संबंध में चर्चा की जाएगी। बता देना जरूरी है कि मंत्री बनने के बाद बृजमोहन अग्रवाल पहली बार कुंभ नगरी राजिम पहुंच रहे हैं। इस बात को लेकर जनप्रतिनिधियों और आम जनता में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है।

# आर्य समाज ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा एवं सामाजिक उत्थान के लिए सक्रियः मुख्यमंत्री

**रायगढ़, 3 फरवरी ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में रायगढ़ के ग्राम तुरंगा के गुरूकुल आश्रम में सत्य के प्रकाशक महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200वीं जयंती पर ज्ञान ज्योति पर्व की श्रृंखला में अखिल भारतीय वैदिक महासम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आर्ष गुरुकुल आश्रम के स्थापक श्री चतुर्भुज गुप्ता की वयोवृद्ध धर्मपत्नी माता मल्लिका चतुर्भुज, वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी, श्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, डॉ.रामकुमार पटेल सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अखिल भारतीय वैदिक महासम्मेलन एवं सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा की स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के अवसर पर संत सम्मेलन आयोजन महत्वपूर्ण हैं। इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अवसर मिला यह मेरा सौभाग्य है। उन्होंने संत सम्मेलन में आए सभी आगंतुकों को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1999 मैं पहली बार सांसद बना था। तब से मुझे आर्य समाज के आश्रमों में जाने के साथ ही कार्य करने का अवसर मिलता रहा है। आर्य समाज द्वारा ग्रामीण, आदिवासी क्षेत्रों में लोगों की शिक्षा एवं सामाजिक उत्थान के लिए लगातार उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने आर्य समाज को इसी प्रकार जनसेवा जारी रखने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि आप सभी लोगों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर विश्वास किया। आज हमारी सरकार को लगभग डेढ़ माह हुए हैं। हमारी सरकार प्रधानमंत्री श्री मोदी जी की गारंटी को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ चुकी है। इसी का परिणाम है कि आज प्रदेश में 18 लाख पीएम आवास की स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारतरत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस 25 दिसंबर पूरे देश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन राज्य शासन ने प्रदेश के 12 लाख से अधिक किसानों को 2 साल के धान का बकाया बोनस भी दिया। प्रदेश के किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करते हुए प्रति क्विंटल 3100 रुपए में तथा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी कर रही है।

# शासन की योजनाओं से जुड़ने सुदूर एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों के ग्रामीणों में दिखा गजब का उत्साह



**बीजापुर 3 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के निर्देशन में आज बीजापुर के संवेदनशील एवं सुदूर क्षेत्रों में जनसमस्या निवारण शिविर सभी ब्लॉकों में सफलतापूर्वक आयोजित हुआ जिसमें हजारों की संख्या में ग्रामीण शासन की योजनाओं का लाभ लेने उत्साहपूर्वक पहुंचे। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने बीजापुर ब्लॉक के सुदूर क्षेत्र पुशनार एवं भोपालपटनम के पामगल शिविर में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्या से अवगत होकर कहा कि यह शिविर आम शिविर नहीं है, यह विशेष शिविर है जिसमें ग्रामीणों की समस्या एवं मांग पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसका निराकरण भी किया जाएगा और संबंधित हितग्राही को 15 दिवस के बाद अवगत भी कराया जाएगा। पुशनार के ग्रामीणों से राशन की समस्या सुना जिसमें ग्रामीणों ने बताया कि राशन लेने गंगालूर जाना पड़ता था तभी राशन से भरा ट्रैक्टर शिविर स्थल पहुंचा फिर कलेक्टर ने बताया कि अब राशन सुगमतापूर्वक उनके गांव एवं पंचायतों तक पहुंचेगी जिसे सुनकर ग्रामीण उत्साहित हुऐ। कलेक्टर ने पुशनार एवं पामगल के ग्रामीणों को संबोधित करते हुऐ कहा कि अच्छी शिक्षा, अच्छा स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क, राशन आप सभी का अधिकार है। आज केन्द्र और राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभार्थी बनकर आने वाली पीढ़ी का सुनहरा भविष्य गढ़ने का समय है। शासन की सैकड़ों योजनाएं है। जिसका लाभ उठाकर स्वयं का अपने परिवार और समाज का सर्वांगीण विकास किया जा सकता है। शिविर के माध्यम से प्रशासन का पूरा अमला अपने विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करने ग्रामीणों के बीच पहुंचे जहां राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बी-1, खसरा, किसान किताब, फौती, नामांतरण, सुपोषण, सब्जी बीज, मिनी किट, जाल, वितरण सहित कृषि, क्रेडा, मत्स्य, राजस्व, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, आदिम जाति, सहकारिता विभाग, कौशल विकास सहित सभी विभागों द्वारा अपने-अपने विभागों की जानकारी दी गई और योजनाओं से लाभान्वित करने हितग्राहियों का आवेदन भरा गया जिसमें समय-सीमा में निराकृत कर संबंधित आवेदकों को सूचित की जाएगी।

विकास की मुख्य धारा से जुड़ने के लिए लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने हेतु अपनी सहभागिता निभाई उक्त अवसर पर पुशनार एवं गंगालूर में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बी पुष्पाराव विशेष रूप से उपस्थित होकर ग्रामीणों को योजनाओं से लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इसी तरह पामगल में भी जनप्रतिनिधियों जनपद अध्यक्ष श्रीमती निर्मला मरपल्ली, उपाध्यक्ष श्री मिच्चा मुतैय्या ने अपनी सहभागिता दी। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री पवन कुमार प्रेमी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री बलीराम बघेल, जिला खाद्य अधिकारी श्री गणेश कुर्रे सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित हुऐ।

# पुसनार आरपीसी भूमकाल मिलिशिया डिप्टी कमाण्डर का पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण

**बीजापुर 3 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के दौरान डीआरजी, बस्तर फाईटर के द्वारा किये जा रहे संयुक्त प्रयासों से छ0ग0 शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति से प्रभावित होकर गंगालूर एरिया कमेटी अंतर्गत पुसनार आरपीसी भूमकाल मिलिशिया डिप्टी कमाण्डर- सन्नू पूनेम ऊर्फ सोमा पिता स्व0 मासा पूनेम उम्र 40 वर्ष् जाति मुरिया निवासी पुसनार गोरगेपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर द्वारा आज दिनांक 02/02/2024 को पुलिस अधीक्षक बीजापुर श्री आंजनेय वार्ष्णेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स बीजापुर श्री वैभव बैंकर, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स श्री सुदीप सरकार, के समक्ष माओवादियो की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार, उपेक्षा व प्रताड़ना से तंग आकर एवं छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया ।



सन्नू पूनेम ऊर्फ सोमा, माओवादी संगठन में कार्य का विवरणः-वर्ष 1999 में माओवादी संगठन में बाल संघम के पद पर भर्ती हुआ । वर्ष 2002 में पुसनार डीएकेएमएस अध्यक्ष के पद की जिम्मेदारी दी गई । वर्ष् 2004 तक डीएकेएमएस अध्यक्ष के पद पर कार्य किया । वर्ष 2008 में कृषि शाखा सदस्य के पद पर पुनः नियुक्ति दी गई । वर्ष 2011 में पुसनार भूमकाल मिलिशिया सदस्य की जिम्मेदारी दी गई । वर्ष 2020 में पुसनार आरपीसी भूमकाल मिलिशिया डिप्टी कमाण्डर का कार्य संगठन में दिया गया । सन्नू उर्फ़ सोमा के विरुद्ध हत्या, हत्या के प्रयास, लूट के मामलो मे 05 स्थाई वारंट लंबित है । संगठन में कार्यो की उपेक्षा करने एवं भेदभाव पूर्ण व्यवहार से त्रस्त होकर एवं छ0ग0 शासन की आत्मसमर्पण नीतियों से प्रभावित होकर भारत के संविधान पर विश्वास रखते हुए उक्त माओवादी द्वारा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया गया । आत्मसमर्पण करने पर इन्हें उत्साहवर्धन हेतु शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत् 25000/- रूपये (पच्चीस हजार रूपये) नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया ।

# क्रास फायरिंग से आदिवासियों की मौत संदेहास्पद :सर्व आदिवासी समाज

**बीजापुर।** बीते कुछ महीनों से बीजापुर जिले में नक्सल अभियान के दौरान सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में मासूम बच्चे सहित आम ग्रामीण की मौत पर चिंता जाहिर करते हुए सर्व आदिवासी समाज ने ऐसी मौत पर संदेह जताते हुए न्यायिक जांच की मांग की है।सर्व आदिवासी समाज प्रमुखों ने बयान जारी कहा है कि बीते जनवरी माह में मुदवेंदी में 6 माह की मासूम की गोली लगने तथा बोड़गा गांव के युवक रमेश ओयाम की कथित नक्सल मुठभेड़ में क्रास फायरिंग में गोली लगने से मौत होना बताया जा रहा है। इन घटनाओं को लेकर आदिवासी समाज को संदेह हो रहा है। समाज का मानना है कि सुरक्षा बलों और माओवादियों मुठभेड़ के दौरान आदिवासियों को सुरक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है जो पूरी तरह अनुचित और अवैधानिक है।

आदिवासी समाज जल, जंगल और जमीन के नैसर्गिक रक्षक हैं तथा यहां स्वच्छंद रूप से रहना चाहते हैं। लगातार क्रास फायरिंग में आम लोगों की मौत चिंताजनक और संदेहास्पद है।30 जनवरी को कथित मुठभेड़ के बाद क्रास फायरिंग से हुए रमेश ओयाम की मौत के बाद शव को भैरमगढ़ लाने वाले ग्रामीणों को पुलिस द्वारा आखिर क्यों रोका गया था। सर्व आदिवासी समाज के एक प्रतिनिधि मण्डल को ग्रामीणों और पुलिस के आला अधिकारियों से वार्ता कर शव को पीएम कार्रवाई तथा मृत्यु की प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आना पड़ा था।

ऐसी घटनाओं से आम लोगों के बीच अविश्वास की भावना बढ़ती जा रही है।सर्व आदिवासी समाज शासन प्रशासन से मांग करता है कि इन घटनाओं की न्यायिक जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करे। अन्यथा आदिवासी समाज आंदोलन के लिए बाध्य होगा जिसकी जवाबदेही शासन प्रशासन की होगी।

## एक नजर

### नेशनल हाईवे से हटाया गया अतिक्रमण



**सिमगा, 3 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तहसील सिमगा अंतर्गत नेशनल हाईवे 130 के से लगे हुए अवैध निर्माण को नेशनल हाईवे प्राधिकरण बिलासपुर डिवीज़न द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गयी जिसमे सिमगा एवं चंदेरी के 6 अतिक्रमण केविरुद्ध कार्यवाही की गयी। इस कार्यवाही के दौरान तहसीलदार सिमगा अनिरुद्ध मिश्रा, नायब तहसीलदार, पटवारी, पुरुष एवं महिल बल थाना सिमगा उपस्थित रहें। उपरोक्त अतिक्रमण हटाने से यातायात मे सहूलियत एवं हादसों मे कमी आएगी।

### जनसमस्या निवारण शिविर के लिए समय निर्धारित करने टंकराम वर्मा ने दिए निर्देश

**तिल्दा-नेवरा, 3 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तिल्दा नेवरा जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन के लिए समय सारणी निर्धारित टंकराम वर्मा मंत्री राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया है कि प्रदेश के समस्त राजस्व निरीक्षक मंडल विभाग खंड स्थल एवं जिला स्तर पर जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जावे. प्रदेश भर में फरवरी माह में निम्न अनुसार जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन कर निराकरण करने का निर्देश। फरवरी माह के प्रथम शनिवार 3 फरवरी 2024 को प्रदेश के समस्त राजस्व निरक्षण मंडल में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन होगा। द्वितीय शनिवार 10 फरवरी को प्रदेश के सभी तहसीलों में तथा तृतीय शनिवार 17 फरवरी को प्रदेश के सभी 33 जिला मुख्यालय में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा ।इस शिविर में पहुंचे जनता के समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाएगा यह आयोजन प्रत्येक शनिवार को सुबह 10 :00 बजे से शाम 5 :00 बजे तक आयोजित की गई है।

### बिना अनुमति नहीं कर सकेंगे ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग

**बलौदाबाजार, 3 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विद्यार्थियों की पढ़ाई एवं परीक्षा, वृद्धजनों, नि :शक्तजनो, रोगियों आदि की बाधा एवं लोक शांति को ध्यान में रखते हुए कोलाहल अधिनियम- 1985 की धारा 04 एवं धारा 05 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए कलेक्टर चंदन कुमार ने जिला बलौदाबाजार- भाटापारा की सीमा के अंतर्गत बिना लिखित पूर्वानुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग को आगामी आदेश तक प्रतिबंधित किया है ।माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा रिट पिटिशन कमांक 72/98 (सी) ऑफ1998 एवं सिविल अपील कमांक 3735 ऑफ2005 में ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतु दिये गये निर्देश तथा छत्तीसगढ़ शासन, आवास एवं पर्यावरण विभाग के पत्र कमांक एफ 04-07/2015/32 दिनांक 28. दिसंबर 2015 में दिये गये निर्देश के अनुपालन में ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने एवं मल्टी टोंड हॉर्न, प्रेशर हॉर्न Multi toned horns/pressure horns के साथ-साथ डी.जे. के विरूद्ध जप्तीकरण की कार्यवाही किये जाने तथा सम्यक जांच एवं जागरूकता अभियान चलाने हेतु निम्नांकित अधिकारियों का दल गठित किया जाता है- जिसमें संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी, संबंधित कार्यपालिक दण्डाधिकारी, संबंधित थाना प्रभारी, संबंधित मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरीय निकाय शामिल होंगे ।गठित दल अपने-अपने थाना क्षेत्रों में ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम, 2000 एवं ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) (संशोधित) नियम, 2010 के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित कराते हुए समय-समय पर स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे तथा कृत कार्यवाही से प्रतिसप्ताह अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी बलौदाबाजार को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

# बच्चों और शिक्षकों को यातायात नियमों का पालन करने दी समझाइश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 3 फरवरी।** 1 फरवरी को एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी स्कूल बलौदाबाजार में अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात, निधि नाग एसडीओपी बलौदाबाजार, निरीक्षक नरेश कांगे थाना प्रभारी यातायात बलौदाबाजार की उपस्थिति में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम के तहत यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों एवं स्कूल के बच्चों को सुरक्षित एवं सुगम परिवहन के लिए यातायात नियमों का पालन कितना आवश्यक है इस बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया। कार्यक्रम के दौरान यातायात पुलिस बल द्वारा यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया गया, कि मार्ग में चलते समय हमेशा बॉये दिशा का प्रयोग करे, चलने के लिए फूटपाथ का प्रयोग या रोड किनारे चले, सड़क पार करने के लिए चौक-चौराहा या मार्ग के गेप में बने जेब्रा क्रासिंग से ही मार्ग पार करें। रोड क्रास करते समय यह भली-भांति देख ले की दॉये-बाये से कोई वाहन, जानवर तो नहीं आ रही है, सड़क पार करने के दौरान हाथ का ईशारा देकर पूर्ण सुरक्षित होकर ही रोड क्रास करें। मार्ग में चलने के दौरान सड़क पर न दौड़े, वाहन से बाहर हाथ न निकाले, चलते वाहन में सुरक्षित बैठे, वाहन रूकने के बाद ही चढ़े व उतरे, हमेशा ही किनारे पर उतरे, स्कूल बस का इंतजार हमेशा लाईन में रहकर करें, उतरने वाले यात्री को प्राथमिकता देवे। यातायात नियमों के संबंध में छात्र-छात्राओं को बताया गया कि नाबालिग छात्र-छात्राऐं वाहन न चलाए, वाहन चलाते पाए जाने पर वाहन स्वामी पर जुर्माना किया जाता है। दोपहिया वाहन चालन के दौरान चालक व सवार दोनों को हेलमेट धारण करना एवं चारपहिया वाहन चालन के दौरान चालक व सवार को सीटबेल्ट लगाना अनिवार्य है, बताकर यातायात नियमों का पालन करने व अपने परिवार, पड़ोसी एवं दोस्तों को भी पालन कराने अपील की गई।



### शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में योग शिविर का आयोजन

# तनाव प्रबंधन पर योग कारगर : सिन्हा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 3 फरवरी।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमे योगाचार्य मिथलेश कुमार सिन्हा द्वारा तनाव प्रबंधन पर योग आधारित योगाभस कराया गया। योगाचार्य ने बताया कि छात्रों को पढ़ाई से संबंधित मानसिक तनाव रहता है उसके लिए प्रतिदिन योगाभ्यास एक कारगर माध्यम है।

मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित रखने के लिए योग एक प्राचीन तकनीक है। जीवन में शांति और सुख का अनुभव करने के लिए योग में कई तरह की तकनीक है जिसका अभ्यास करके आप अपनी मानसिक स्थिति में सुधार ला सकते हैं।

योग करने से अनगिनत मानसिक और शारीरिक लाभ मिलते हैं। दिमाग को शांत करने के लिए आप आगे झुकने वाले आसन बच्चो को कराया गया जिसमे शशकासन, योग मुद्रा और चक्रासन एवम ज्ञान मुद्रा का अभ्यास कराया गया इससे मन शांत होगा और दिमाग के हिस्से में पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन पहुंचेगा। आसन का अभ्यास करने से आपके शरीर और मन दोनो में स्थिरता आती है, तनाव कम होता है और सुख का अनुभव होता है।आपका श्वास और मन एक-दूसरे से जुड़े हैं। प्राणायाम के बारे में बताते हुए सिन्हा ने बताया कि जब भी आप तनाव या चिंता महसूस करें, तो प्राणायाम का अभ्यास करना



चाहिए - खासकर भ्रामरी प्राणायाम का। जब आप अपने श्वास को नियंत्रण में लेकर आते हैं, तो आपका मन भी अपने आप शांत होने लगता हैं। प्राणायाम से आपके मन की स्थिति में सुधार होगा, तनाव कम होगा और एकग्रता बढ़ेगी। इस बीच योग नृत्य कराया गया जो बच्चो के तनाव करने एवम मन प्रफुल्लित किया। इसी बीच संस्था के प्राचार्य कृष्णकुमार साहू ने योगाचार्य मिथलेश कुमार सिन्हा को इस योग शिविर के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि योगाचार्य के द्वारा हमेशा छात्रों को योग के माध्यम से तनाव से मुक्त करते हैं एवम उनको हमेशा प्रोत्साहित है एवम सफ्लतम जीवन हेतु मार्गदर्शन देते हैं। शिविर में वरिष्ठ व्याख्याता सीमा सिंह, चंद्रवती सिन्हा, भूपत कन्नौजे, पीटीआई डोमेश्वर ध्रुव, रेखा प्रधान, लारेंस महिलांगे, मोहन ध्रुव, लोकेंद्र साहू, युवराज कंवर, चंद्रप्रभा सेन मधुबाला साहू, वंदना देवांगन, नेहा जायसवाल, पूनम, मूखन, नागेंद्र देवांगन, नरोत्तम, राधिका, चांदनी, तनु, ईशा एवम छात्राओं ने लाभ लिया।

# किसानों को तत्काल 3100 राशि जारी करे सरकार : राधेश्याम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 3 फरवरी।** कांग्रेस नेता राधेश्याम शर्मा उर्फ फग्गा भैया ने प्रदेश मे 29 फरवरी तक धान खरीदी जारी रखने की पुरजोर मांग की है। शर्मा ने कहा है कि बेमौसम बारिश व विधानसभा चुनाव एवं अन्य शासकीय छुटटीयों के कारण प्रदेश मे स्थित धान संग्रहण केन्द्र मे किसान अपनी उपज का शत प्रतिशत विक्रय नहीं कर पाये है। अतः किसानो की एक एक दाना धान की खरीदी के लिये धान खरीदी की अवधि को 29 फरवरी तक बढाकर किसानो के साथ न्याय किया जाये ताकि सभी वर्गो के किसानो को लाभ प्राप्त हो सके। राधेश्याम शर्मा ने आगे कहा है कि गत चुनाव में भाजपा द्वारा एक मुश्त 3100 रूपये की राशि किसानो को देने की घोषणा की गई थी।



जबकि सत्ता में आने के बाद अभी तक प्रदेश सरकार की 8 केबिनेट बैठक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ले चुके है लेकिन किसी भी किसानो को 3100 रूपये तत्काल देने की घोषणा पर अमल करने का प्रस्ताव पारित नहीं किया गया है जिससे किसान हताश व निराश है किसानो को सिर्फसमर्थन मूल्य की राशि प्राप्त हो रहीं है जो कि भाजपा की घोषणा के विपरित है। शासन किसानो को तत्काल 3100 रूपये की दर से रा शि जारी करें ताकि किसानो को उसकी मेहनत का वाजिब हक प्राप्त हो सके। शर्मा ने कहा है कि भाजपा सरकार द्वारा गत वर्षो मे किसानो द्वारा बेचे गये धान की चौथी किस्त की राशि भी जारी नहीं की गई है किसानो को वर्तमान मे बेमौसम बारिश की मार से उन्हारी व सब्जी की फसल को बेहद नुकसान होने के कारण आ र्थिक मार से जूझना पड रहा है जिसका मुआवजा स्वरूप प्रति एकड 5 हजार रूपये देने की मांग शर्मा ने की है। उन्होंने आगे कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसान विरोधी नीति का अनुसरण कर रहीं है जिसके कारण कृषको को कृषि उपज का शत प्रतिशत दाम नहीं मिल पा रहा है। भाजपा ने चुनाव के पूर्व 3100 रूपये की घोषणा की थी जिस पर अमल करने मे हीला हवाली किया जा रहा है उन्होने तत्काल 3100 रूपये की राशि जारी करने तथा धान खरीदी की समय सीमा 29 फरवरी तक बढ़ाने की मांग करते हुये किसानो के हित मे कदम उठाने की मांग की है।

## कुपोषित बच्चों की पहचान के लिए मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजनांतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 3 फरवरी।** कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर जिले में कुपोषण की दर को कम करने हेतु एम्स रायपुर और यूनिसेफ के तहनीकी सहयोग से अति गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान हेतु मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना एवं समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन कार्यक्रम (सी सैम) कार्यक्रम अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया।

उक्त स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के समन्वय से जिला अस्पताल एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रत्येक गुरूवार को को शिशु रोग विशेषज्ञों एवं चिकित्सा अधिकारियों के द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविरों के माध्यम् से कराया जा रहा है। 21. दिसंबर 2023 से 1 फरवरी



2024 तक प्रत्येक गुरुवार को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सी सैम कार्यक्रम के तहत् बिना किसी चिकित्सा जटिलता वाले सैम बच्चों सी सैम कार्यक्रम के तहत् कुल लक्षित गंभीर कुपोषित बच्चों में से 1489 बच्चों का जिला अस्पताल एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के माध्यम् से स्वास्थ्य परीक्षण किया जा चुका है। उक्त जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग जाटवार ने दी है।

### राइस मिलर्स ने नहीं कराया चावल जमा

# बैंक गारंटी के लगभग 3 करोड़ रुपये को किया गया राजसात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 3 फरवरी।** कलेक्टर चंदन कुमार ने राईस मिलर्स द्वारा शासन को नुकसान कराते हुए धान के बदले निर्धारित समय सीमा में चावल जमा नही करने के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए अक्षय राईस इण्डस्ट्रीज कुसमी के बैंक गारंटी के रुप में जमा लगभग 3 करोड़ रूपये को राजसात कर दिया गया है। खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में शासन द्वारा समर्थन मूल्य में उपार्जित धान का कस्टम मिलिंग हेतु उठाये गये धान का मेसर्स अक्षय राईस इण्डस्ट्रीज कुसमी द्वारा अनुपातिक चावल 10 हजार 153.45 क्विंटल जमा नहीं किया गया। शासन द्वारा चावल जमा करने हेतु 31 दिसंबर 2023 तक निर्धारित किया गया था। जिसके उपरांत भी अक्षय राईस मिल कुसमी द्वारा चावल जमा नहीं किया गया। साथ ही कलेक्टर कुमार के निर्देश पर शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार फर्म द्वारा निर्धारित अवधि के अंतर्गत चावल जमा नहीं करने एवं वर्ष 2023-24 के लिए पंजीयन नवीनीकरण नहीं कराया जाकर अनुमति/अनुबंध नहीं किया गया था। जिला विपणन अधिकारी निधी दुबे ने बताया कि प्रबंध संचालक, मार्कफेड, नवा रायपुर एवं कलेक्टर द्वारा दिये गये निर्देश अनुसार फर्म की जमा बैंक गारंटी के माध्यम से तीन करोड़ रुपए जमा करने वाले चावल के विरुद्ध जमा करा दिया गया है। कलेक्टर कुमार द्वारा समस्त मिलर्स को यह निर्देशित किया गया है कि कस्टम मिलिंग के तहत उठाये गये धान के विरुद्ध शासन द्वारा निर्धारित अवधि के अंतर्गत नागरिक आपूर्ति निगम एवं भारतीय खाद्य निगम में अनुपातिक चावल जमा कराया जाना आवश्यक होगा।


**न्यायालय तहसीलदार (नजूल) तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्रमांक/......................
/ब-121 वर्ष 2023-2024
ग्राम- तिल्दा प.ह.नं. 08

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अश्वनी लखवानी पिता स्व. लधाराम लखवानी निवासी वार्ड क्र. 16 तिल्दा-नेवरा तहसील तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं कि ग्राम तिल्दा स्थित शासकीय पड़त भूमि खसरा नंबर 812/2 रकबा 37.727 हे. भूमि का भाग रकबा 60×6 = 360 वर्गफीट भूमि स्थित है। उक्त खसरा नंबर 812/2 शीट नं. 5 प्लाट नं. 9/1 ऑनलाईन प्लान नं. 15019 क्षेत्रफल 1110 वर्गफीट भूमि से लगा मेरे हक एवं स्वामित्व की भूमि स्थित हैं। उक्त शासकीय पड़त भूमि को निवास कार्य हेतु पट्टे की मांग हेतु आवेदन पत्र पेश किया हैं। जिसकी सुनवाई न्यायालय तिल्दा मे 23.02.2024 को नियत है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति यदि हो तो वह स्वयं या अभिभाशक या अपने विधिमान्य अभिकर्ता के द्वारा अपना दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथी बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार (नजूल)
तिल्दा-नेवरा
जिला-रायपुर (छ.ग.)



**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202401092200093**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:-2023-2024
संडीडीह प.ह.न. 00019 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- परदेशनिन बाई,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका परदेशनिन बाई पति फूलसिंह नेताम जाति गोंड निवासी विष्णुपुर तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के माता मंगतीन बाई पति सुकलु का मृत्यु दिनांक 29.01.2020 को ग्राम संडीडीह में हुआ है के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 12.02.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23/01/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
डोंगरगढ़


### मुस्लिम वेलफेयर कमेटी के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन

# नगर के 102 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 3 फरवरी।** 'रक्तदान से ज्यादा अनमोल योगदान कुछ और नहीं हो सकता, क्योंकि यह मानव जीवन की रक्षा करता है।रक्तदान न सिर्फ दूसरों की जिंदगी बचाता है, बल्कि यह रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी बेहद लाभदायी माना गया है। इससे जुड़ी भ्रांतियों को मिटाने के लिए लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना जरूरी है।'यह बात नगर के वरिष्ठ नागरिक राजा यशपेन्द्र शाह द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में कही।रक्तदान शिविर में 102 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में रक्तदाताओं को उत्साहित करने के लिए मुस्लिम वेलफेयर कमेटी छुरा के द्वारा जागरूकता सत्रों का आयोजन किया।जिसमें कमेटी के सदस्य, स्थानीय युवाओं और विभिन्न संगठनों के सदस्यों के साथ-साथ ग्राम मित्रों ने बढ-चढ़ कर रक्तदान किया।मुस्लिम वेलफेयर कमेटी के अध्यक्ष सुल्तान खान ने कहा कि शिविर में रक्तदाताओं की उत्साहित भागीदारी रक्तदान के प्रति व्यापक जागरूकता को दर्शाती है।रक्तदाता सफर सचदेव कहते हैं, 'रक्तदाता होना गर्व की बात है। रक्तदान एक इंसान का दूसरे इंसान के प्रति समर्पण को भी दर्शाता है।'सालों से शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तदाता भी सम्मानित



हुए।नागरिकों को हमेशा रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया और कहा इससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त मिल सके।

नथमल शर्मा, अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, बीएमओ कीर्तन साहू, यशपेंद्र शाह, टीआई सर प्रवीण भारती, रमेश शर्मा, हाजी अब्दुल रहमान मेमन, समद खान, मोहम्मद आरीफ मेमन, अब्बास बेग, विमल पुरोहित, हरीश यादव, मोनिका कोठरी, मक्खू दीक्षित, दीपक गुप्ता, आनन्द गुप्ता, उमेंद दीवान चंचल सिन्हा, अवधेश प्रधान, रेखा प्रधान, जमशीर कुरैशी, अब्दुल मन्नान, कादर खान, इस्माइल मेमन, उज्जवल जैन, परमेश्वर राजपूत, इमरान मेमन, अजीज खान, दीनू कोठारी, सलीम मेमन, लक्की मेमन, वकील खान, इलियास मेमन, रमजान खां, बंटी साहिल, सोहेल मेमन, कुलेश्वर सिन्हा, उज्जवल जैन, मनोज पटेल, प्रीतम साहू, अजय गुप्ता, पुनीत राम ठाकुर, कादिर अली, मेहनाज परवीन, इस्माइल खान, युनुस मेमन, सफीक खां, अजीज खां, यशवंत यादव, लोमश ध्रुव, जबीउल्ला, अकबर खान, मो कामरान, मुशर्रफअली, किशन सोनी, धृतलहरे सर, परवेज खान, ईमाम अली, यासीन मेमन, रजत कुकरेजा, सागर सचदेव, नितिन सचदेव, रऊफ खां, हेमचंद देवांगन, सलीमुद्दीन, न्याज अहमद, कल्पेश मेहता, रमेश अग्रवाल, राहुल नामदेव, विक्की कोठारी, आसिफ़ जब खां, अब्दुल कादिर, , आवेश बेग, युनुस खान, बिशाली सिन्हा एवं नागरिक उपस्थित थे।


**न्यायालय तहसीलदार नजूल रायपुर (छ.ग.)**

रा.मा.क्र. अ-20(3) वर्ष 2023-24
अतिक्रमित भूमि व्यवस्थापन एवं भूमिस्वामी फ्री होल्ड हेतु पेशी दिनांक 19/02/2024

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। आवेदक **प्रधान संपादक दैनिक भास्कर (यूनिट आफ डी.बी. कारपोरेशन) निवासी रजबंधा मैदान रायपुर जिला रायपुर** द्वारा इस आशय से आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि ग्राम/मोहल्ला **सिविल स्टेशन** रायपुर स्थित नजूल भूमि **ब्लाक नंबर 09, प्लाट नंबर 1/1 का भाग रकबा 9,212 वर्गफुट** को राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार अतिक्रमित भूमिस्वामी व्यवस्थापन एवं भूमिस्वामी हक में प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 19/02/2024 तक कलेक्टर कार्यालय रायपुर के कक्ष क्रमांक-07 में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 02/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार नजूल
रायपुर (छ.ग.)



**न्यायालय तहसीलदार नजूल रायपुर (छ.ग.)**

रा.मा.क्र. अ-20(3) वर्ष 2023-24
अतिक्रमित भूमि व्यवस्थापन एवं भूमिस्वामी पेशी दिनांक 19/02/2024

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। आवेदक **प्रधान संपादक दैनिक भास्कर (यूनिट आफ डी. बी. कारपोरेशन) निवासी रजबंधा मैदान रायपुर जिला रायपुर** द्वारा इस आशय से आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि ग्राम/मोहल्ला **सिविल स्टेशन** रायपुर स्थित नजूल भूमि **ब्लाक नंबर 09, प्लाट नंबर 1 का भाग रकबा 45,725 वर्गफुट** राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार अतिक्रमित भूमिस्वामी व्यवस्थापन एवं भूमिस्वामी हक में प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 19/02/2024 तक कलेक्टर कार्यालय रायपुर के कक्ष कमांक-07 में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार. आज दिनांक 02/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार नजूल
रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय मुख्य अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, रायपुर परिक्षेत्र रायपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

राज्य स्तरीय निविदा प्रकोष्ठ द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से प्रपत्र 'ए' (प्रतिशत दर) एवं 'एफ' (लमसम दर) पर कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | निविदा आमंत्रण क्रं./दिनांक | सिस्टम नं. | निविदा आमंत्रण | जिला | योजनाओं का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 21/01-02-2024 | 152224 | प्रथम | जंजगीर-चांपा | डभरा जल शुद्धिकरण संयंत्र कार्य हेतु | 112.07 | सी एवं उच्च |
| 2 | 22/01-02-2024 | 152225 | प्रथम | जंजगीर-चांपा | डभरा जल वितरण प्रणाली कार्य हेतु | 667.52 | ए एवं उच्च |

**Important Events and Time Schedule-** Date of calling **NIT 01-02-2024, Bid Start Date- 06-02-2024,** Pre Bid meeting date- **12-02-2024**, Bid Due Date- **23-02-2024,** PHY Doc. Submission Last Date- **26-02-2024,** PQ Document Download Date- **26-02-2024.**

**नोट:-** उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में उक्त निविदा दिनांक 05.02.2024 से देखी जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता (प्रकोष्ठ प्रभारी)
राज्य स्तरीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय मुख्य अभियंता
लो.स्वा.यां.विभाग, परिक्षेत्र रायपुर (छ.ग.)

जी-07494/6

## एक नजर

### मामूली बात पर दो पक्ष भिड़े

**रायपुर, 3 फरवरी।** बृजनगर मोतीनगर में कचरा हटाने के विवाद पर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से बृजनगर मोतीनगर निवासी शत्रुहन सिन्हा 44 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी संतोष सोनी, सरिता सोनी, ट्विंकल व अन्य ने कचरा हटाने के विवाद पर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थिया सरिता सोनी 42 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी शत्रुहन सिन्हा, ममता सिन्हा, गायत्री व एक अन्य ने कचरा डालने के विवाद पर प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत

**रायपुर, 3 फरवरी।** महासमुंद तिराहा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर मौके में पहुंची आरंग पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक रमेश तारक 54 वर्ष ग्राम गनौद का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी महासमुंद तिराहा के पास अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे रमेश तारक की मौत हो गई। मामले में आरंग पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पैसे के लेन-देन पर युवक को पीटा

**रायपुर, 3 फरवरी।** ग्राम कायाबांधा में पैसे के लेन देन को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दीपराज डहरिया 23 वर्ष ग्राम चीचा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी ग्राम कायाबांधा गया था, जहां पैसे के लेन देन को लेकर आरोपी सागर कंड्रा ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफधारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### आपसी रंजिश पर युवक को पीटा

**रायपुर, 3 फरवरी।** राजातालाब में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी तरूण सारथी 33 वर्ष दुर्गा चौक राजातालाब का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी विजय निर्मलकर ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 3 फरवरी।** नेवरा पुलिस ने बैकुण्ठ मोड़ स्कूल के पास अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार नेवरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बैकुण्ठ मोड़ स्कूल के पास आरोपी चन्द्रभूषण राय 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 48 पाव देशी शराब जब्त किया है।

### गांजा तस्करी करते 5 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 3 फरवरी।** राजधानी पुलिस ने थाना मुजगहन एवं मंदिरहसौद थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी करते 4 अंतर्राज्यीय सहित 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 3 कारों में कुल 1 क्विंटल गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट एवं थाना मुजगहन की संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए 02 चारपहिया वाहन में गांजा तस्करी करते 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

# बजट सत्र शुरू होगा 5 फरवरी से

**राज्यपाल के अभिभाषण के बाद अनुपूरक बजट रखा जाएगा , 9 को बजट पेश किए जाने की चर्चा**

मुख्य नगर संवाददाता




**रायपुर, 3 फरवरी।** विधानसभा का हंगामेदार बजट सत्र पांच फरवरी से शुरू होने जा रहा है। सत्र के प्रथम दिन राज्यपाल का अभिभाषण होगा। सत्र के दौरान आयकर और ईडी के छापों की गूंज सुनाई देगी। वित्त विभाग ने वर्ष 2025 का बजट पेश किए जाने के संबंध में अभी कोई अधिकृत जानकारी विधानसभा सचिवालय को नहीं दी है। पहले अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। इसके पश्चात 9 फरवरी को राज्य का पूर्ण बजट पेश किए जाने की संभावना है।

विधानसभा सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार बजट सत्र पांच फरवरी से शुरू होकर 1 मार्च तक चलेगा। इसमें होने वाली बैठकों में प्रश्न, ध्यानाकर्षण और काम रोको प्रस्ताव पर चर्चा होगी। विधानसभा सचिवालय के अनुसार अलग-अलग विभागों के संबंध में करीब 1 हजार से अधिक प्रश्न आ चुके हैं जिसका जवाब भारसाधक मंत्री अलग-अलग तिथियों में देंगे। विधानसभा के प्रथम दिन राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन राज्य सरकार के संकल्प पत्र पर आधारित एवं लोकप्रिय कार्यक्रमों व नीतियों के संबंध में अपना अभिभाषण देंगे। राजभवन के अनुसार राज्यपाल हिन्दी या अंग्रेजी में अभिभाषण का पठन करेंगे इसकी कोई अधिकृत जानकारी नहीं है। विधानसभा सचिवालय के अनुसार वर्ष 2024-25 का बजट कब पेश किया जाएगा इसकी कोई अधिकृत सूचना वित्त विभाग ने नहीं दी है लेकिन 9 फरवरी को पटल पर रखे जाने की चर्चा है। राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी बजट पेश करेंगे। यह बजट एक लाख करोड़ के आसपास का होगा। इसमें मोदी की गारंटी एवं भाजपा के संकल्प पत्र को पूरा किए जाने की घोषणा की जाएगी।

**समर्थन मूल्य 31 सौ रुपए दिए जाने पर लगाया संगीता सिन्हा ने प्रश्न :** भाजपा के संकल्प पत्र में 21 क्विंटल धान की खरीदी 3100 प्रति क्विंटल की दर से किए जाने का वायदा किया गया है। बालोद की कांग्रेस विधायक संगीता सिन्हा ने सरकार की कृषि मंत्री से प्रश्न पूछा है कि क्या सरकार किसानों को 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान कर रही है। भुगतान कैसे और कब किया जाएगा। ज्ञात रहे वर्तमान में धान प्रति एकड़ 21 क्विंटल खरीदा जा रहा है लेकिन इसका रेट 2183 रुपए ही है। इसके अलावा लोक निर्माण व अन्य विभागों के भी प्रश्न महिला विधायक ने लगाए हैं। सिहावा की विधायक अंबिका मरकाम ने भी शिक्षकों की कमी तथा अन्य विभागों के प्रश्न लगाए हैं। भाजपा की लता उसेंडी और राजेश मूणत ने स्वास्थ्य विभाग में दवा खरीदी में हुई घोटाले के बारे में जानकारी मांगी है।

**आयकर और ईडी के छापों की सुनाई देगी गूंज :** नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत राजधानी से बाहर हैं। विधायक दल की बैठक कब बुलाई जाएगी इसकी कोई सूचना नहीं दी गई है। महिला विधायक अंबिका मरकाम के अनुसार नए सत्र के बाद सभी व्यवस्था में सुधार आएगा। वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष कार्यालय व्यवस्थित नहीं हो पाया है। अनुदान मांगों पर भाजपा की ओर से धरमजीत सिंह, अजय चंद्राकर एवं राजेश मूणत चर्चा में भाग लेंगे। कांग्रेस की ओर से उमेश पटेल, भूपेश बघेल तथा चंद्रकांत यादव अपना-अपना पक्ष रखेंगे। पहले दिन कार्यमंत्रणा की बैठक होगी जिसमें अलग-अलग विषयों पर चर्चा करने का समय निर्धारित होगा। सदन में पूर्व मुख्यमंत्री के विरूद्ध ईडी द्वारा एफआईआर तथा अमरजीत भगत के खिलाफ आयकर का छापा एवं आईएएस अधिकारियों के विरूद्ध ईओडब्ल्यू में एफआईआर होने की गूंज भी सुनाई देगी।

# खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा: टंकराम वर्मा



**रायपुर 3 फरवरी ।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने आज राजधानी रायपुर के सरदार बलबीर सिंग जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित नेशनल ताइक्कांडो का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है। खेल शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी है। मंत्री श्री वर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने दो दिनों तक चलने वाले इस राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से आये खिलाड़ियों को उन्होंने शुभकामनाएं दी। ताइक्कांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ ताइक्कांडो संघ द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में 25 राज्यों के 800 खिलाड़ी शामिल हो रहे है। विभिन्न राज्यों से आए ताइक्कांडो के नन्हें-नन्हें 14 बालक और 14 बालिका खिलाड़ी भी शामिल हैं।

### खाद्य मंत्री ने मूढ़ीपार मेले का किया शुभारंभ

**रायपुर, 3 फरवरी।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री श्री दयाल दास बघेल आज बिलासपुर जिले के ग्राम मूढ़ीपार में सतनामी समाज द्वारा आयोजित दो दिवसीय मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बिल्हा विधायक श्री धरमलाल कौशिक और मुंगेली विधायक श्री पुन्नू लाल मोहले एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। मंत्री श्री बघेल ने संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरूघासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया है।

# छग में कैंसर मरीजों की संख्या चिंतनीय

**■ रामकृष्ण केयर में डिवाइस द्वारा स्तन कैंसर की जांच**



**रायपुर 3 फरवरी।** मध्य भारत में पहली बार, विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर रामकृष्ण केयर अस्पताल ने सनराइज फाउन्डेशन के साथ मिलकर निःशुल्क थर्मोग्राफी-थर्मलेटिक्स डिवाइस द्वारा स्तन कैंसर की जांच की शुरूआत की है। यह मध्य भारत में पहली बार इस तकनीक का उपयोग स्तन कैंसर के प्रशिक्षण के लिये किया जायेगा। थर्मोग्राफी में प्रशिक्षित ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. रवि जायसवाल इसे स्तन कैंसर का पता लगाने के लिए एक सामूहिक स्क्रीनिंग उपकरण बतलाते हैं, जिससे किसी भी प्रकार के स्पर्श या दर्द महसूस नहीं होता, और यह पूरी तरह से विकिरण मुक्त है। डॉ. देबा दुलाल बिस्वाल ने बताया रामकृष्ण केयर अस्पताल ने 3 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर महिलाओं में स्तन कैंसर (थर्मोग्राफी द्वारा), सर्वाइकल कैंसर (पैप स्मीयर द्वारा) और पुरूषों में ओरल कैंसर की जांच के लिए कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन कर रहा है। अस्पताल के डॉ. सौरभ जैन स्क्रीनिंग के माध्यम से कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर जोर देते हैं जिससे हम शुरूआती चरण में ही कैंसर का निदान कर सकें। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के मेडिकल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे जो विगत 35 वर्षों से भी अधिक वर्षों के अनुभवी एवं कुशल सर्जन के रूप में विख्यात है, जिन्होंने अपने कठिन परिश्रमों व प्रयासों से रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल को श्रेष्ठ व विश्वस्तरीय हॉस्पिटल का स्थान दिलाया। डॉ जैन ने बताया कि छत्तीसगढ़ में कैसर मरीजों की बढ़ती संख्या चिन्तनीय है। युवा व कम उम्र वाले भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। महिलाओं में स्तन कैंसर व मुख कैंसर के सर्वाधिक मामले हैं। तम्बाकू व गुड़ाखू सेवन से कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं। कैंसर के खिलाफ सरकार अच्छा काम कर रही है। रामकृष्ण केयर हास्पिटल में आयुष्मान कार्ड से इलाज किया जाता है।

# राहुल की यात्रा को सफल बनाने बैठक

**■ नई दिल्ली में व्यस्त होने के कारण टीएस सिंहदेव नहीं पहुंचे**

**■ 4 से अधिक लोकसभा क्षेत्रों का दौरा करेंगे गांधी**

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 3 फरवरी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की यात्रा को सफल बनाने आज अंबिकापुर में छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने बैठक ली। देश में विभिन्न मुद्दों को लेकर यात्रा पर निकले राहुल गांधी का छग में भव्य स्वागत किए जाने की तैयारी चल रही है।

कांग्रेस कमेटी अंबिकापुर के पूर्व अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के अनुसार छग प्रभारी सचिन पायलट आज अंबिकापुर पहुंच गए हैं। उनके साथ नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत भी आए हुए हैं। छत्तीसगढ़ में राहुल गांधी की न्याय यात्रा आठ फरवरी से 11 फरवरी तक चलेगी। वे ओडिशा के रायगढ़ बॉर्डर से प्रवेश कर सक्ती, खरसिया, कोरबा, जांजगीर होकर अंबिकापुर पहुंचेंगे। अंबिकापुर से वे सीधा रामानुजगंज से होकर अंतिम गांव बरगढ़ से झारखंड में प्रवेश करेंगे। राहुल गांधी की यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह है। इसलिए उनके भव्य स्वागत की तैयारियां की जा रही है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए उनका जगह-जगह स्वागत किया जाएगा।

**टीएस सिंहदेव बैठक में नहीं आए :** कांग्रेस नेता बालकृष्ण पाठक के अनुसार आल इंडिया कांग्रेस कमेटी घोषणा पत्र के सदस्य टीएस सिंहदेव आज की बैठक में शामिल नहीं हुए हैं। बताया जाता है कि वे इस समय दिल्ली में हैं। अंबिकापुर में कांग्रेस की करारी हार होने के बाद यहां पर गुटबाजी हावी है। पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के यहां आयकर छापा पड़ने के बाद कांग्रेसजन दहशत में आ गए हैं।

# इंटर्नशिप ऐसी होनी चाहिए जिससे बच्चों में ज्ञान भावना व क्रियात्मक पक्षों का विकास हो:रितेश

**रायपुर 3 फरवरी।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन द्वारा संचालित विप्र कला , वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ के शिक्षा विभाग एवम वीतराग रिसर्च फाउंडेशन, रायपुर, छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में डेवेलपमेंट ऑफ इंटर्नशिप प्रोग्राम, ए फ्यूचर मॉडल विषय पर आयोजित तीन दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस के द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में वक्ता के रुप में डा. सी.वी. रमन यूनिवर्सिटी से डॉ. रितेश मिश्रा ने कहा कि इंटर्नशिप ऐसी होनी चाहिए जिससे



बच्चों के ज्ञानात्मक भावात्मक एवम क्रियात्मक पक्षों का विकास हो सके एवम प्रशिक्षित शिक्षक तैयार हो सकें और फ्यूचर मॉडल के लिए पियर टू पियर लर्निंग हो सके। तीन दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस के

द्वितीय तकनीकी सत्र में वक्ता महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय वर्धा महाराष्ट्र से डॉ गौरी शर्मा ने कहा कि शिक्षक की भूमिका सुविधादाता की होनी चाहिए एवम विद्यार्थी अपनी समस्याओं का समाधान स्वयं करे जिससे बच्चों में सृजनात्मकता का विकास हो सके। कॉन्फ्रेंस की संयोजक एवं शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. दिव्या शर्मा ने कहा की विषय विशेषज्ञ द्वारा एक व्यावहारिक उपागम के साथ कॉन्फ्रेंस की मुख्य धारा पर प्रकाश डालकर कॉन्फ्रेंस को सार्थक बनाने का कार्य किया है. वीतराग रिसर्च फाउंडेशन से विशेष रूप से डॉ. रोली तिवारी उपस्थित रहीं. आयोजन सचिव सारिका त्रिवेदी के समन्वयन में संचालन सोनिया ईसरानी व रसिका मालवीय द्वारा किया गया।यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मेघेश तिवारी ने बताया कि

डेवेलपमेंट ऑफ इंटर्नशिप प्रोग्राम, ए फ्यूचर मॉडल विषय पर आयोजित तीन दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस के समापन दिवस प्रो. अंजनी शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग मुख्य अतिथि के द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया जाएगा। हरिशंकर कॉलेज की प्राचार्य डॉ ममता शर्मा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी।


# भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए आज सूरजपुर, अम्बिकापुर और बलरामपुर के मार्गों का हुआ निरीक्षण

**■ भारत जोड़ो न्याय यात्रा के रूट प्रभारी सुशांत मिश्रा के साथ विकास उपाध्याय रहे मौजूद**



**रायपुर 3 फरवरी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व भारत जोड़ो न्याय यात्रा छत्तीसगढ़ प्रदेश के मार्ग/रूट समिति के चेयरमैन विकास उपाध्याय ने आज सूरजपुर, अम्बिकापुर और बलरामपुर के मार्गों के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया एवं इन सभी जिलों के वरिष्ठ व युवा नेताओं से बातचीत कर भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने की ओर एक और कदम बढ़ाया।

विकास उपाध्याय ने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के छत्तीसगढ़ में पहुँचने से पूर्व ही वे अपनी पूर्ण जिम्मेदारी निभाने का प्रयास कर रहे हैं एवं इस यात्रा की तैयारी को टीम के साथ मिलकर पूरी तरह सफल भी बनायेंगे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के रूट प्रभारी सुशांत मिश्रा व छत्तीसगढ़ प्रदेश के मार्ग/रूट समिति के चेयरमैन विकास उपाध्याय के साथ आज वरिष्ठ कांग्रेस नेता शफी अहमद, सूरजपुर ब्लॉक अध्यक्ष राजनाथ सिंह, लखनपुर से कृपाशंकर गुप्ता, अम्बिकापुर डीसीसी प्रेसिडेंट राकेश गुप्ता, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनय शर्मा (बंटी), बलरामपुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी, अजय गुप्ता, प्रतीक सिंह, दिनेश यादव, उदयपुर से सिद्धार्थ बाबा, युवा नेता शैलेन्द्र प्रताप सिंह, शुभम जायसवाल, आलोक सिंह, पिकल झा, अम्बिकापुर शहर अध्यक्ष हेमंत सिन्हा उपस्थित रहे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26